दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 12 | अंक : 22 | टोंक | मंगलवार,27 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

भीलवाड़ा में डंडे के बल पर बाजार बंद करवाए

धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष मिलने के बाद तनाव, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (एजेंसी)। धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष मिलने के बाद भीलवाड़ा शहर का माहौल गरमा गया है। पिछले दो दिन से लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। सोमवार को भीड़ ने डंडे के बल पर बाजार बंद कराए। बाजार में पत्थरबाजी भी की गई। इसके बाद परशुराम सर्किल पर लोग जुटे। यहां से कलेक्ट्रेट की ओर भीड़ बढ़ने लगी। फौरन पुलिस एक्टिव हुई और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। परशुराम सर्किल पर प्रदर्शन जारी है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

सोमवार सुबह 11.30 बजे से शाम 4 बजे के बीच कई बार पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। शाम 4 बजे लोग कलेक्ट्री की तरफ बढ़े तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ा। लोगों की तरफ से पुलिस पर भी पथराव किया गया। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पथराव और लाठीचार्ज में कुछ लोगों के मामूली घायल होने की भी सूचना है।

रविवार : धार्मिक स्थल के बाहर अवशेष मिलने से हुआ तनाव

जानकारी के अनुसार, 25 अगस्त की सुबह करीब साढ़े दस बजे कोतवाली थाना इलाके के भवानी नगर में स्थित धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष फेंककर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था।

दोपहर करीब एक बजे गुस्साए लोग भवानी नगर चौराहे पर जुट गए। इस भीड़ में सांसद दामोदर अग्रवाल और संत महामंडलेश्वर हंसाराम भी शामिल हो गए थे। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इसके बाद लोग धरने पर बैठ गए। पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया गया था।

धार्मिक स्थल के बाहर अवशेष मिलने से हुआ तनाव

जानकारी के अनुसार, 25 अगस्त की सुबह करीब साढ़े दस बजे कोतवाली थाना इलाके के भवानी नगर में स्थित धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष फेंककर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। दोपहर करीब एक बजे गुस्साए लोग भवानी नगर चौराहे पर जुट गए। इस भीड़ में सांसद दामोदर अग्रवाल और संत महामंडलेश्वर हंसाराम भी शामिल हो गए थे। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इसके बाद लोग धरने पर बैठ गए। पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया गया था।

उपद्रव की आशंका में कुछ लोगों ने खुद ही दुकानें बंद कर लीं

इधर दोपहर करीब 12.30 बजे कुछ लोग बाजार बंद कराने के लिए परशुराम सर्किल से आजाद चौक मार्केट की तरफ बढ़े। परशुराम सर्किल पर भी लोग नारेबाजी करने लगे और कलेक्ट्री की ओर कूच करने लगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे पुलिस ने उन पर लाठियां भांजकर परशुराम सर्किल पर ही रोक लिया।

एसपी बोले- बाजार खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है

संत-महंत और विधायक ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि उन्होंने बंद नहीं बुलाया है। न मार्केट बंद करने की अपील कर रहे हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने की ही मांग है। फिलहाल परशुराम सर्किल पर लोगों की भीड़ है और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। एसपी राजन दुष्यंत का कहना है कि पुलिस मार्केट खुलवाने की कोशिश कर रही है।

अल्टीमेटम का समय पूरा हुआ तो सर्किल पर जुटे

सोमवार सुबह 10 बजे लोगों के वॉट्सऐप पर मैसेज चला कि सुबह 11.30 बजे परशुराम सर्किल (घटना स्थल से 5 किमी दूर) जुटना है। यहां से कलेक्ट्री नजदीक है। पुलिस अलर्ट हो गई। सुबह 11 बजे से यहां बड़ी संख्या में लोग जुट गए और नारेबाजी करने लगे। दोपहर 12 बजे संत हंसाराम, शहर विधायक अशोक कोठारी, शहर सभापति राकेश पाठक, निंबार्क आश्रम के संत मोहन करण शास्त्री समेत कई लोग परशुराम सर्किल पहुंच गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के एक दल को एसपी ने ऑफिस बुलाया और बात की। वहां पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया।

रूस पर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर जैसा हमला

38 मंजिला इमारत से टकराया ड्रोन, पलटवार में रूस ने 100 मिसाइलें और 100 ड्रोन दागे

बढ़ता राजस्थान

मॉस्को(एजेंसी)। रूस के सारातोव में सोमवार (26 अगस्त) को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर जैसा हमला हुआ है। एक ड्रोन सुबह 38 मंजिला रिहायशी इमारत 'वोल्गा स्काई' से टकराया। इसमें 4 लोग घायल हुए। रूस ने इस हमले का आरोप यूक्रेन पर लगाया। इसके पलटवार में रूस ने यूक्रेनी शहर कीव, खारकीव, ओडेसा और लीव समेत 12 शहरों पर 100 मिसाइलें और 100 ड्रोन दागे हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमला सुबह के वक्त ही हुआ। यूक्रेनी एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया कि कीव पर अटैक 11 ञ्च-95 स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स, किंझल बैलिस्टिक मिसाइलें से किया गया। अभी तक एक रिहायशी इमारत के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। हमले में 5 लोगों के मौत होने की जानकारी भी सामने आई है। रूस का हमला यूक्रेन-पोलैंड के बॉर्डर के नजदीक हुआ है। पोलैंड के सैन्य अधिकारियों ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि, हमले के बाद पोलिश और उसके नाटो देशों के एयरक्राफ्ट्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

सरातोव में एयर रूट बंद हुआ

यूक्रेन के हमले में रूसी बिल्डिंग का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। बिल्डिंग के नीचे खड़ी 20 से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-एनसी में सीट शेयरिंग फाइनल

90 में से 51 एनसी, 32 कांग्रेस और 2 अन्य को; 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट

बढ़ता राजस्थान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूला सोमवार को फाइनल हो गया। केंद्र शासित प्रदेश की 90 सीटों में से 51 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें CPI (रू) और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, सलमान खुर्शीद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हामीद कर्रा ने सोमवार को श्रीनगर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला के घर जाकर मुलाकात की। नेताओं के बीच घंटों चली मीटिंग के बाद सीट शेयरिंग पर बात बनी। वेणुगोपाल ने कहा- भाजपा जम्मू-कश्मीर की आत्मा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। हमारे इंडिया ब्लॉक का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर की आत्मा को बचाना है, इसलिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में एक साथ आए हैं। हम एक साथ लड़ेंगे, जीतेंगे और सरकार बनाएंगे।

कांग्रेस ने कहा- भाजपा के भी एनसी और पीडीपी से गठबंधन रहे

भाजपा के गठबंधन पर सवाल उठाए जाने पर वेणुगोपाल ने कहा- भाजपा को ऐसा कहने का क्या नैतिक अधिकार है? भाजपा का एनसी और पीडीपी के साथ गठबंधन रह चुका है। हर राजनीतिक पार्टी के अपने कार्यक्रम, अपना घोषणापत्र और वादे होते हैं। जब हम सरकार बनाएंगे तो एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम होगा। जम्मू-कश्मीर के भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कांग्रेस-एनसी गठबंधन पर कहा था, कल तक फारूक अब्दुल्ला व उनकी पार्टी एनसी दावा कर रही थी कि किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी, आखिर रातों-रात ऐसा कौन सा डर पैदा हो गया कि वे एक-दूसरे से हाथ मिलाने को मजबूर हो गए।

जम्मू और कश्मीर में 90 विधानसभा सीटें

जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग ने 5 मई 2022 को अपनी रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर में 90 विधानसभा सीटें और 5 संसदीय सीटें यानी लोकसभा सीटें होंगी। डिवीजन की नजर से देखें तो जम्मू डिवीजन में 6 सीटें बढ़ाकर 43 विधानसभा सीटें की गई हैं और कश्मीर घाटी में 1 सीट जोड़कर 47 सीटें बनाई गईं। जम्मू डिवीजन के सांबा जिले में रामगढ़, कठुआ में जसरोता, राजौरी में थन्नामंडी, किश्तवाड़ में पड्डेर-नागसेनी, डोडा में डोडा पश्चिम और उधमपुर में रामनगर सीट जोड़ी गईं।

गठबंधन तभी, जब कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी : राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी 21 अगस्त की शाम श्रीनगर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर मीटिंग की। राहुल ने 22 अगस्त को कार्यकर्ताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर चुनाव में गठबंधन तभी होगा, जब कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर में तीन फेज में 18 सितंबर से वोटिंग होगी

इलेक्शन कमीशन ने 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। राज्य में तीन फेज में वोटिंग होगी। यहां विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 46 है।

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 5 नए जिले बनेंगे

जिलों की संख्या बढ़कर 7 होगी; पीएम मोदी बोले- अब विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

लेह (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (26 अगस्त) को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 5 नए जिले बनाने की घोषणा की। नए जिलों का नाम जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग होगा। नए जिलों की घोषणा से पहले लद्दाख में केवल दो जिले थे, लेह और कारगिल। अब इनकी संख्या बढ़कर 7 हो जाएगी। अमित शाह ने ङ्क पर लिखा- मोदी सरकार ने लद्दाख में नए 5 जिले बनाने का फैसला लिया है। सरकार हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए मौके बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर के तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। आर्टिकल-370 निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना था।

पीएम बोले- सेवाएं और अवसर लोगों के पास आएंगे

पीएम मोदी ने इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह बेहतर शासन की दिशा में एक कदम है। ङ्क पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- लद्दाख में 5 नए जिले बनना बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग पर अब ज्यादा ध्यान दिया जाएगा, जिससे सेवाएं और अवसर लोगों के और भी करीब आएंगे। वहां के लोगों को बधाई। क्षेत्रफल के नजरिए से लद्दाख एक बहुत बड़ा केंद्र शासित प्रदेश है। वर्तमान में लद्दाख में दो जिले हैं - लेह और कारगिल।

लद्दाख के पूर्व सांसद बोले- नए जिलों की लंबे समय से डिमांड थी

लद्दाख के पूर्व सांसद और भाजपा नेता जामयांग सेरिंग नामग्याल कहा है कि नए जिले बनाने को लेकर लंबे समय से मांग उठ रही थी। मैं पीएम मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं। यह एक ऐतिहासिक फैसला है। मैंने अपने कार्यकाल में भी लोकसभा में ये मुद्दा छेड़ा था।

गृह मंत्रालय ने 3 महीने में रिपोर्ट मांगी

गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन से नए जिलों के गठन से जुड़े सभी पहलुओं जैसे जिला मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों का निर्माण का आकलन करने के लिए एक समिति बनाने और तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उक्त समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख इस रिपोर्ट के आधार पर नए जिलों के निर्माण के संबंध में अंतिम प्रस्ताव गृह मंत्रालय को आगे की कार्रवाई के लिए भेजेगा।

पीएम मोदी ने जो बाइडेन से फोन पर बात की

यूक्रेन-बांग्लादेश के मुद्दे पर चर्चा, शांति के लिए भारत का समर्थन दोहराया

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार, 26 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर बात की है। दोनों नेताओं ने यूक्रेन समेत तमाम वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन में शांति और स्थिरता के लिए भारत के समर्थन की बात दोहराई।

मोदी और बाइडेन के बीच बांग्लादेश के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। मोदी और बाइडेन ने बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य करने पर जोर दिया। साथ ही बांग्लादेश में कानून व्यवस्था की जल्द बहाली और अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

हाल ही में यूक्रेन दौरे से वापस लौटे हैं पीएम मोदी

पीएम मोदी पिछले हफ्ते 23 अगस्त को यूक्रेन के दौरे पर थे। इस दौरान राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक में मोदी ने कहा था कि, भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मोदी और जेलेंस्की के बीच यूक्रेन के मैरिंस्की पैलेस में करीब 3 घंटे बैठक हुई थी। उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया। मोदी जेलेंस्की के साथ यूक्रेन नेशनल म्यूजियम भी गए, जहां उन्होंने जंग में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बच्चों के मेमोरियल पर डॉल भी रखी।

युनूस ने हिंदुओं की सुरक्षा का भरोसा दिया

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने 16 अगस्त को पीएम मोदी से फोन पर बात की थी। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी को भरोसा दिलाया था। बातचीत के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत बांग्लादेश में लोकतंत्र, स्थिरता

और शांति की बहाली का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए भाषण में बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़े हैं। अब तक हिंदुओं पर हमले के 205 से अधिक मामले सामने आए हैं।

सम्पादकीय

ई-कॉमर्स नीति बढ़ाए प्रतिस्पर्धा सरकार को स्वामित्व या निवेश के आधार पर रोकना होगा भेदभाव

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों की वृद्धि और खुदरा क्षेत्र पर उनके संभावित प्रभाव को देखते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गत सप्ताह यह स्पष्ट किया कि सरकार ई-कॉमर्स के विरुद्ध नहीं है बल्कि वह ऑनलाइन और सामान्य खुदरा कारोबारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि ऑनलाइन खुदरा कारोबारियों के लिए नियमों का पालन करना महत्त्वपूर्ण है। गोयल ने सरकार की स्थिति साफ करके अच्छा किया लेकिन ऑनलाइन बनाम ऑफलाइन खुदरा के मुद्दे पर बहस जारी रहेगी। सरकार को अपनी नीतियों में भी इस प्रकार बदलाव करने पड़ सकते हैं ताकि बाजार में होने वाली स्वाभाविक उथलपुथल और गतिविधियां बाधित न हों। नीतिगत नजरिये से देखा जाए तो यह समझना अहम है कि ई-कॉमर्स क्या कर रहा है और उसके क्या संभावित खतरे हैं। ग्राहकों के लिए ई-कॉमर्स ने चयन के विकल्प बढ़ाए हैं और खरीद को सरल बनाया है। कुछ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के गहन नेटवर्क और लॉजिस्टिक क्षमताओं के कारण छोटे शहरों और ग्रामीण भारत के उपभोक्ताओं की पहुंच उन उत्पादों तक हो सकी है जो पहले केवल बड़े शहरों में रहने वाले लोगों की पहुंच में थे।

उत्पादक के नजरिये से देखें तो ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के साथ जुड़ाव ने पूरे देश को छोटे और मझोले उपक्रमों के लिए भी एक संभावित बाजार में बदल दिया है। ऑनलाइन और ऑफलाइन वेंडरों और उपभोक्ताओं के एक सर्वेक्षण के बाद पहले इंडिया फाउंडेशन ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें क्रमशः 60 फीसदी और 52 फीसदी वेंडरों ने कहा कि ऑनलाइन बिक्री शुरू होने के बाद उनकी बिक्री और मुनाफा दोनों बढ़े हैं। जानकारी यह भी है कि वे अधिक लोगों को काम पर रख रहे हैं। ऐसे में यह स्पष्ट है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े विक्रेता और उपभोक्ता दोनों को लाभ हुआ है। बहरहाल, नीतिगत नजरिये से देखें तो दो प्राथमिक चिंताएं हो सकती हैं। पहली, अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बहुत कम कीमत पर बेचने की रणनीति अपनाते हैं। इस तरह के व्यवहार की जांच जरूर की जानी चाहिए। वास्तव में ऐसे मामलों में प्रतिस्पर्धा नियामकों ने बड़े ऑनलाइन खुदरा कारोबारियों की जांच की है। बहरहाल, विशुद्ध कारोबारी नजरिये से देखा जाए तो ऑनलाइन कारोबारियों के ऐसा व्यवहार अपनाने की कोई तुक नहीं समझ में आती। आमतौर पर ऐसा व्यवहार छोटे बाजारों में अपनाया जाता है जहां सीमित प्रतिस्पर्धा हो। यहां मामला ऐसा नहीं है। दो बड़े विदेशी फंडिंग वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अब ढेर सारे घरेलू प्लेटफॉर्मों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रह हैं। इनमें कुछ ऐसे प्लेटफॉर्म भी हैं जिनका स्वामित्व देश के बड़े औद्योगिक घरानों के पास है। ध्यान रहे कि क्विक कॉमर्स यानी शीघ्र सामान पहुंचाने वाली सेवाएं अब जोर पकड़ रही हैं। ये भारी छूट वाली सेवाओं के मुकाबले तेजी से बढ़ रही हैं। इससे पता चलता है कि ऑनलाइन खुदरा कारोबार काफी प्रतिस्पर्धी है और यहां प्रवेश बाधा वैसी नहीं है जैसा पहले सोचा जाता था।

रूस-युक्रेन यूद्ध में मोदी के शांतिदूत बनने पर चीन का पेट क्यों दुखने लगा है?

चीन की मंशा वैश्विक स्तर पर अपना वर्चस्व कायम करने की है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि 2023 में चीन ने ईरान-सऊदी अरब डील में अहम भूमिका निभाई थी। चीन जानता है कि रूस और युक्रेन युद्ध के बीच शांतिदूत की भूमिका निभाकर वैश्विक स्तर पर उसकी अहमियत बढ़ सकती है। यह सफलता चीन के लिए कई दरवाजे खोल सकती है। ये भी एक वजह है कि चीन रूस और युक्रेन के बीच शांति बहाली में भारत की संभावित भूमिका को लेकर शुरुआत से ही असहज है। रूस से चीन की दोस्ती जगजाहिर है। लेकिन इसके बावजूद वह युक्रेन के इन्फास्ट्रक्चर में भी कई सालों से निवेश बढ़ा रहा है। चीन ने युक्रेन में ऊर्जा से लेकर कृषि और परिवहन तक कई सेक्टर्स के प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है। 2016 से 2021 में युक्रेन में चीन का निवेश पांच करोड़ डॉलर से बढ़कर 26 करोड़ डॉलर हो गया है।

अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री मोदी के युक्रेन दौरे के ऐलान के बाद से ही वैश्विक स्तर पर हलचल बढ़ गई थी । भारतीय प्रधानमंत्री के युक्रेन दौरे को लेकर देश-दुनिया में जमकर चर्चा होने लगी थी । पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपने पारंपरिक साझेदार रूस से तेल खरीद रोकने के पश्चिम के दबाव का विरोध किया है। रूस के साथ अपने मजबूत और सदियों पुराने संबंधों के बावजूद, भारत ने मार्च 2022 से युक्रेन को मानवीय सहायता की कई खेप प्रदान करके और रूसी नेताओं द्वारा जारी परमाणु युद्ध की धमकियों पर चिंता व्यक्त करके अपनी कूटनीतिक सख्ती बनाए रखी है। हालाँकि, प्रधानमंत्री मोदी इस यात्रा का उपयोग संघर्ष में शांतिदूत के रूप में भारत की भूमिका तलाशने के लिए करने की संभावना नहीं है, जो कि कुछ लोगों ने अनुमान लगाया था कि रूस के साथ नई दिल्ली के संबंधों और वैश्विक स्तर पर उभरते कद को देखते हुए यह युद्ध की शुरुआत में ऐसा करेंगे। इस यात्रा को अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों में काफी सराहना मिलने की संभावना है, जो जुलाई में पुतिन के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात के आलोचक रहे थे।

अब इसे संयोग कहेंगे या कुछ और लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के युक्रेन पहुंचने से दो दिन पहले ही चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने रूस का रुख किया था, जहां उन्होंने बेहद गर्मजोशी से राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की।रूस की ओर चीन का झुकाव किसी से छिपा नहीं है। लेकिन इसके बावजूद वह खुद को इस युद्ध में निष्पक्ष देश के तौर पर पेश करने की कोशिश करता रहा है। युक्रेन पर हमले के बाद जब अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे, तब चीन डटकर रूस के पाले में खड़ा हो गया था। राष्ट्रपति जिनपिंग ने पुतिन से साफ कह दिया था कि रूस की आर्थिक मदद जारी रखी जाएगी। गौरतलब है कि भारत की लगातार मजबूत हो रही ग्लोबल छवि से चीन चिढ़ा हुआ है। युद्ध के समय में भारत को दुनिया के कई बड़े देश संभावित शांतिदूत के तौर पर देख रहे हैं। चीन को यह रास नहीं आ रहा। वह वैश्विक स्तर पर भारत की लगातार मजबूत हो रही छवि से अनकंफर्टेबल है। प्रधानमंत्री मोदी के युक्रेन दौरे से चीन इस कदर चिढ़ा हुआ था कि सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में संभावित शांतिदूत के तौर पर भारत की भूमिका को सिरे से नकारा गया है। अखबार में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों युद्धग्रस्त देशों के बीच की खाई को खत्म करने की उत्सुकता दिखाई है। लेकिन भारत के पास ऐसा करने की क्षमता ही नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री का यह कदम केवल अपने अस्तित्व को वैश्विक स्तर पर दिखाने की कोशिश भर है। भारत दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने में कोई भूमिका नहीं निभा पाएगा।

2019 में चीन, युक्रेन का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बनकर उभरा था। इसके साथ ही युक्रेन ने चीन के साथ एक अहम डिफेंस डील भी की थी। 2017 में युक्रेन चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव योजना से भी जुड़ चुका है। मई 2023 में चीन के विशेष प्रतिनिधि ली हुई ने युक्रेन, पोलैंड, फ्रांस, जर्मनी और रूस का दौरा किया था। इस दौरान रूस और युक्रेन के बीच सीजफायर प्लान भी पेश किया था। खुद राष्ट्रपति जिनपिंग इस युद्ध को रोकने को लेकर 12 सूत्रीय शांति योजना भी पेश कर चुके हैं। लेकिन इस योजना में क्षेत्रीय सीमाओं की संप्रभुता का सम्मान करने से लेकर शीतयुद्ध के दौर की मानसिकता से बाहर निकलने तक हवा-हवाई बातें ही हैं, पीसमेकिंग को लेकर किसी तरह का ठोस खाका पेश नहीं किया गया। वहीं, राष्ट्रपति जेलेंस्की दो नावों में सवार होने की चीन की मंशा को पहले ही भांप गए हैं। यही वजह है कि उन्होंने इस साल सिंगापुर में हुए शांग-रीला डायलॉग में रूस की मदद करने के लिए चीन को आड़े हाथों लिया था। जेलेंस्की ने कहा था कि चीन की मंशा सिर्फ अपनी ग्लोबल छवि चमकाने की है। ईरान-सऊदी अरब डील में अहम भूमिका निभाने के बाद चीन की वैश्विक महत्वाकांक्षाएं और ज्यादा बढ़ी हैं। 23 अगस्त को दुनियाभर की नजरें प्रधानमंत्री मोदी पर टिकी थीं। उन्होंने कीव पहुंचकर जब राष्ट्रपति जेलेंस्की को गले लगाया, बड़े भाई की तरह उनके कंधे पर हाथ रखकर उन्हें ढांढस बंधाया और शांति का संदेश भी दिया। लेकिन चीन को यह सब रास नहीं आया और उसने भारत के इस कदम को रूस और अमेरिका के बीच बैलेंसिंग एक्ट बताया। चीन ने एक तरह से इसे सांकेतिक कदम बताया है।रिटायर्ड भारतीय राजनयिक अनिल त्रिगुणायत का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी का कीव दौरा संवाद और कूटनीति का मौका तैयार कर सकता है। हालांकि, यह आसान नहीं होगा। शांति की कोशिश करते रहनी होगी।

राजनीतिक विश्लेषक और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके हर्ष खरे ने प्रधानमंत्री मोदी के युक्रेन दौरे को अमेरिका को खुश करने की रणनीति बताया था। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे से कोई भी ठोस नतीजे निकलने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वह सिर्फ पश्चिमी देशों को खुश करने के इरादे से युक्रेन गए थे। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के युक्रेन दौरे के इस स्ट्रैटेजिक कदम को उसकी ग्लोबल इमेज से जोड़कर देखा जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक स्तर पर यह दिखाना चाहते हैं कि भारत किसी तरह के बाहरी दबाव में कोई कदम नहीं उठाता बल्कि उसके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि हैं। रूस और युक्रेन के बीच शांतिदूत की भूमिका निभाने को लेकर चीन बेचैन है। लेकिन रूस से नजदीकियों और उसकी अति महत्वाकांक्षा की वजह से अमेरिका और यूरोप के देश चीन को संदेह की नजरों से देखते हैं। ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि अगर रूस- युक्रेन युद्ध में चीन खुद को शांतिदूत के रूप में देखता है तो इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगर ऐसा होता है तो इसका मतलब होगा कि पुतिन को अपने हिसाब से नए सिरे से योजना बनाने के लिए अधिक समय देना होगा। किर्बी ने कहा था कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन और रूस अंतरराष्ट्रीय नियमों की खिलाफत करते हैं।

बीते ढाई साल से युद्ध का दंश झेल रहे दोनों ही देशों के लिए अब यह जंग हार और जीत के मायनों से परे है। इस युद्ध में अब जीत को लेकर ना तो कोई उत्साह बचा है और ना ही हार की आशंका की चिंता है। यह युद्ध अब आत्मसम्मान का सवाल बन गया है। इसका सीधा सा मतलब है कि जब समस्याएं बातचीत की टेबल पर हल नहीं होती तो अक्सर वे युद्ध की ओर ले जाती हैं। ऐसे ही एक युद्ध की आग में रूस और युक्रेन ढाई साल से धधक रहे हैं। इसी युद्ध की रणभेरियों के बीच प्रधानमंत्री मोदी 46 दिनों के भीतर दोनों देशों का दौरा कर चुके हैं। मकसद साफ था- युद्ध की विभीषिका के बीच शांति का संदेश देना। पर यह सब चीन को रास नहीं आ रहा है । वैसे तो चीन के भारत, अमेरिका, फिलीपींस, वियतनाम, ताइवान समेत कई दुश्मन हैं। मगर वह अब भी भारत और अमेरिका को ही दुश्मन नंबर 1 मानता है। चीन को अब लगने लगा है कि भारत और अमेरिका की सैन्य ताकत कई गुना बढ़ गई है। ऐसे में खासकर इन दोनों से पार पाना चीन के लिए आसान नहीं होगा। चीन जानता है कि सिर्फ एलएसी बॉर्डर पर ही नहीं, बल्कि भारत उसके लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र से लेकर दक्षिण चीन सागर तक खतरा बनेगा। इसी तरह उसे अमेरिका से भी धरती से आसमान तक प्रतिद्वंदिता से खतरा महसूस हो रहा है। इसी कारण भारत के प्रधानमंत्री मोदी के कदम विश्वशांति की ओर बढ़ने से पेट दुखने लगा है ।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

वृष
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

मिथुन
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

कर्क
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा। आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा।

सिंह
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

कन्या
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

तुला
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

वृश्चिक
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

धनु
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

मकर
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

कुंभ
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

मीन
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा। आपका मन द्रवित हो उठेगा।

शख्सियत

हम क्या हैं इसका परिचय हमसे पहले हमारे व्यक्तित्व के चर्चे दे देते हैं, निष्छल व साफ सुधरी छवि ही एक शख्स को शख्सियत बनाती है

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं 3 मार्च सन 1975 को अलवर में जन्मे पंकज शर्मा। राजनीति जैसे दलदल में साफ सुधरी छवि बनाकर बेहतरीन लीडरशिप निभाने वाले युवा,उत्साही व विवेकवान हैं पंकज शर्मा । आज तक मुझे तो ऐसा कोई व्यक्ति नहीं मिला जिसने इनकी बुराई की हो,मुँह देखकर तिलक तो सब करते हैं पर राजनीति में ये एक मात्र ऐसे शक्स हैं जिनकी इनकी पीठ के पीछे भी अच्छाई होती है। हमेशा मन्द मुस्कान बिखेरते सामान्य कद होने के बाद भी दूर से नजर आने वाले इस व्यक्तित्व की अच्छाई की चर्चा दूसरे खेमे में भी उतनी ही डेनोसिटी से की जाती है। मददगार और ईमानदार छवि वाले पंकज शर्मा का जन्म तो अलवर हुआ लेकिन पिता के राजकीय सेवा में होने के कारण पंकज शर्मा के प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में हुई उसके बाद वे वापस अलवर आ गए तथा इतिहास विषय से स्नातकोत्तर तक शिक्षा अलवर में ही प्राप्त की तत्पश्चात 25 वर्ष की उम्र में दवा उद्योग से जुड़ गए तथा इसी को जीवकोपार्जन के लिए चुना। 2012 से वे रियल एस्टेट के रेंटल प्रॉपर्टीज लीजिंग के व्यवसाय से जुड़ गए। पंकज शर्मा का राजनीतिक जीवन की शुरुआत 2001 में हुई जब वह तत्कालीन विधायक भंवर जितेंद्र सिंह जी से प्रेरित होकर राजनीति से जुड़े। सक्रिय राजनीति से जुड़ने के बाद 2002 में पंकज शर्मा युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए 2005 से 2006 तक जिला कांग्रेस सेवादल के संगठन मंत्री के रूप में कार्य किया 2006 में भंवर जितेंद्र सिंह ने जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान संभाली तब पंकज शर्मा को संयुक्त सचिव के रूप में अपनी कार्यकारिणी में शामिल किया। 2015 से 2018 तक पंकज शर्मा ने जिला कांग्रेस सेवा दल की सफलतापूर्वक कमान संभाली तथा अपने कार्यकाल में जिला एवं प्रदेश स्तर के कई कार्यक्रम अलवर में आयोजित भी करवाये। 2018 में तत्कालीन जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पद पर मनोनीत किया जिस पद पर वे वर्तमान जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के साथ उनकी कार्यकारिणी में भी कार्य कर रहे हैं पंकज शर्मा राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी अग्रणी रूप से भाग लेते रहे हैं वे बिना किसी पदलोलुपता के कार्य करते रहते हैं इसी कारण जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस राजनेता उन्हें पसंद भी करते हैं राजनीति में गुटबाजी के खिलाफ रहने वाले एवं परिवार एवं दोस्तों को प्राथमिकता देने वाले, जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना तथा हंसमुख एवं मिलन सरिता पंकज शर्मा की पहचान बन चुकी है। लेकिन अलवर शहर की

पंकज शर्मा
(महासचिव डी सी सी)

वर्तमान परिस्थितियां देख कर ज्यादा खुश नहीं है पंकज शर्मा का मानना है कि जिस शहर में पैदा हुए उसी शहर की भलाई एवं उद्धार लिए अगर मौका मिलने पर आप अगर कुछ नहीं कर पाए तो बड़ी ही शर्मनाक बात है। मन के उद्गार को जनता के दर्द को समझने वाले बेहतरीन इंसान हैं पंकज। लेकिन आज के परिपेक्ष्य में राजनीति में झूठ,मनगढ़ंत, कपट,छल और गुरूर का बोलबाला है। साफ छवि वाले लोग इसलिए इस फील्ड से बाहर निकल रहे हैं। मेरा अपना व्यक्तिगत विचार है कि पंकज शर्मा जैसे युवाओ को प्रेरित कर आगे लाना चाहिए ताकि एक अच्छा संदेश साबित हो सके उन युवाओं के लिए जो करना तो बहुत कुछ चाहते हैं पर छल कपट झूठ रूपी गैंग के आगे नतमस्तक हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

जय हिंद

आज का इतिहास

27 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना 1604 में की गई।
- हैदर अली ने 1781 में ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना 1870 में की गई।
- जेट इंधन वाले विश्व के पहले विमान ने 1939 को जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- टेलिविजन की दुनिया के इतिहास में 1950 को आज ही के दिन बीबीसी ने पहली बार स्थल-आधारित सीधा प्रसारण किया। प्रसारण की योजना बनाने के लिए दो
- महीने से भी ज़्यादा का समय लगा।दो घंटे का ये प्रसारण इंग्लिश चैनल के दूसरे छोर यानी फ्रांस से किया गया।
- भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक 1976 को नियुक्त हुई।
- आयरलैंड के समीप 1979 में एक नौका विस्फोट हुआ।
- नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का 1985 को तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।
- वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को 1990 में अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।
- मालदोवा ने 1991 में सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।
- सोनाली बनर्जी 1999 में भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजनियर बनीं।
- भारत ने 1999 में कारगिल संघर्ष के दौरान अपने यहाँ बंदी बनाये गये पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया।
- उत्तर और दक्षिण कोरिया दोनों देशों को लेकर 2003 में पहली बार छहपक्षीय वार्ता हुई।

विशेष आलेख

अंतरिक्ष मलबे का उचित प्रबंधन आज की आवश्यकता!

सुनिल कुमार महला

बढ़ती प्रौद्योगिकी, उन्नत संचार व्यवस्था, विज्ञान और विकास के इस युग में अंतरिक्ष में उपग्रहों के लगातार स्थापित होने से अंतरिक्ष में मलबे में लगातार वृद्धि हो रही है। हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने इस पर अपनी गहन चिंता व्यक्त की है, जैसा कि अंतरिक्ष में घूम रहा यह मलबा न केवल उपग्रहों की कक्षा में बल्कि हमारे वातावरण के लिये भी बहुत खतरनाक हो सकते हैं। यदि कोई बड़ा टुकड़ा पूरी तरह से नष्ट हुए बिना हमारे वायुमंडल में प्रवेश कर जाए तो यह पृथ्वी को(यहां पर उपस्थित जीवों, प्राणियों, वनस्पतियों तक को) भारी क्षति पहुँचा सकता है। एक जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष मलबा 17,500 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा करता है और 1 सेमी से बड़े मलबे की वस्तुओं की आबादी लगभग 1 मिलियन है। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि पृथ्वी के घने वायुमंडल से पुनः प्रवेश के दौरान होने वाली भीषण गर्मी के कारण मलबे की एक बड़ी मात्रा जल जाती है, लेकिन जो अवशेष बच जाते हैं, वे महासागरों और दुनिया के अन्य कम आबादी वाले क्षेत्रों में गिर जाते हैं, लेकिन अंतरिक्ष मलबे का खतरा तब भी कहीं न कहीं बरबकार रहता है। दरअसल, हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू भारत के चंद्रयान-3 के चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष मलबे पर चिंता जताई है। दरअसल, आज विभिन्न देशों द्वारा अनेकानेक अंतरिक्ष अभियान लांच किए जा रहे हैं, जैसा कि विकसित और विकासशील देशों में अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने समझने की एक बड़ी होड़ लगी है। आज अंतरिक्ष में मलबे के अनेक टुकड़े घूम रहे हैं और कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में अत्यधिक तीव्र गति से घूमने वाले ये टुकड़े अन्य अंतरिक्ष संपत्तियों और कार्यात्मक उपग्रहों के लिये खतरा माने जाते हैं। ऐसा अनुमान है कि पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थित पिंड 17,500 से 18,000 मील प्रति घंटे (7 से 8 किमी/सेकंड) की गति से यात्रा करते हैं।लगभग 10 सेमी या उससे अधिक व्यास वाली वस्तुओं से होने वाला प्रभाव टीएनटी के विस्फोट के बराबर हो सकता है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष मलबे के 100 ट्रिलियन से ज़्यादा टुकड़े हैं, जिनका पता नहीं लगाया जा सका है।साइंस जर्नल में प्रकाशित ' पृथ्वी की कक्षा की रक्षा करेंः उच्च समुद्र की गलतियों से बचें' शीर्षक वाले अध्ययन से यह चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है। हालांकि, वर्ष 2030 तक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों को मलबा मुक्त बनाने का लक्ष्य तय करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सराहना भी की है, लेकिन अंतरिक्ष में बढ़ रहा मलबा कहीं न कहीं धरती के सभी जीवों, मनुष्यों के लिए एक खतरा बनकर उभर रहा है। आज अमेरिका, चीन, रूस और भारत समेत अनेक देशों का अंतरिक्ष मलबा अंतरिक्ष में तैर रहा है। यदि हम यहां केवल भारत की ही बात करें तो एक आंकड़े के अनुसार भारत के पास 103 सक्रिय या निष्क्रिय अंतरिक्ष यान एवं

114 अंतरिक्ष मलबे की वस्तुएं हैं। इस प्रकार, भारत के कुल 217 अंतरिक्ष पिंड पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। अब यहां प्रश्न यह है कि आखिर अंतरिक्ष मलबा है क्या ? तो इस संबंध में बताना चाहूंगा कि अंतरिक्ष मलबा, पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली उन कृत्रिम सामग्रियों को कहते है, जो वर्तमान में कार्यात्मक स्थिति(फंक्शनल स्टेटस) में नहीं हैं। इसे अंतरिक्ष कबाड़ या कक्षीय मलबा या स्पेस जंक भी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश अंतरिक्ष मलबें निम्न पृथ्वी कक्षा में पाए जाते हैं। मानव द्वारा पृथ्वी की कक्षा में भेजे गए उपग्रह निष्क्रिय स्थिति में छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित होकर पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगाते रहते हैं। नासा के अनुसार, निम्न पृथ्वी कक्षा में 15,700 मील प्रति घंटे की गति से 27,000 से अधिक मलबे के टुकड़े चक्कर लगा रहे हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मुक्त अवस्था में अंतरिक्ष मलबा परिचालन एवं संचार उपग्रहों के लिये खतरा उत्पन्न कर सकता है। यहां तक कि इसके टकराने से उपग्रह निष्क्रिय हो सकते हैं। पाठकों को यह जानकारी हासिल करके आश्चर्य होगा कि छोटे से छोटे मलबे के टुकड़े (मिलीमीटर आकार के मलबे) से होने वाली टक्कर भी उपग्रहों को नष्ट कर सकती है। इसे %केसलर सिंड्रोम% के रूप में जाना जाता है। अच्छी बात यह है कि अंतरिक्ष पर्यावरणीय खतरों से भारतीय अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये 'इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट' को लॉन्च किया गया है। इसरो द्वारा इस संबंध में अनेक अनुसंधान गतिविधियां शुरू की गई हैं, जो हमारे लिए एक सुखद संकेत है।

हमारे यहां बेंगलुरु में एक समर्पित अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता नियंत्रण केंद्र भी स्थापित किया गया है। इसरो अंतरिक्ष मलबे को कम करने के लिये सेल्फ-ईटिंग रॉकेट(इसमें रॉकेट प्रभावी रूप से 'स्वयं को नष्ट कर देंगे' ताकि समुद्र में कोई कचरा न गिरे और न ही अंतरिक्ष में कोई मलबा बचे) और सेल्फ-वैनिंशिंग सैटेलाइट(उपग्रह को उसके जीवनकाल के पश्चात् एक 'किल-बटन' के माध्यम से उसकी कक्षा में जलाकर नष्ट कर देना) जैसी भविष्य की तकनीकों पर भी कार्य कर रहा है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो नेटवर्क फोर स्पेस आब्जेक्ट्स ट्रैकिंग एंड एनालिसिस यानी कि 'नेत्र प्रोजेक्ट' के तहत भारत में विभिन्न स्थानों पर रडार, टेलीस्कोप, नियंत्रण केंद्र एवं डाटा प्रोसेसिंग इकाइयों को स्थापित कर छोट-से-छोटे मलबे की ट्रैकिंग कर रहा है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में भीड़भाड़ के कारण पृथ्वी की कक्षा में वस्तुओं के बढ़ते घनत्व के कारण अंतरिक्ष मलबे की मात्रा में वृद्धि हो रही है।

बीसलपुर बांध का जलस्तर बढ़कर 314 मीटर के करीब पहुंचा आगामी दिनों में 315.50 मीटर तक बढ़ने की संभावना

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविन्द सिंह सेठी)। इन दिनों यहां लगातार बारिश का दौर बने रहने से उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। सोमवार को बीसलपुर बांध में पानी की आवक होने पर बांध का जलस्तर गेज 313 पॉइंट 94 सेंटीमीटर पर पहुंच गया है । जो सोमवार की देर रात तक 314 मीटर को पार कर जाएगा। इसलिए की बीसलपुर बांध के केचमेंट एरिया ऊपरी माल पर त्रिवेणी नदी का गेज सोमवार शाम 6.00 बजे तक 3 मीटर 70 सेमी पर चल रहा है। ऐसे में प्रति घंटा 1 से 2 सेंटीमीटर बांध में पानी का इजाफा हो रहा है । बीसलपुर परियोजना के अधिशाषी अभियंता मनीष बंसल ने जानकारी में बताया कि सोमवार को रात्रि 10 से 11.00 बजे तक बीसलपुर बांध का जलस्तर 314 मीटर तक पहुंच जाएगा। और बीसलपुर बांध के केसमेंट एरिया में लगातार बारिश होने के कारण ऊपरी माल से पानी की आवक बनी हुई है। तो वही त्रिवेणी का गेज अगर किसी स्थिति पर बना हुआ रहा तो । चंद दिनों में बांध के जलाशय की क्षमता 315.50 मीटर तक पहुंच जाएगी । उल्लेखनीय की बीसलपुर बांध में जल स्तर गेज के आंकड़े प्रति सेंटीमीटर पर दर्ज किए जाते हैं। ऐसे में अगर ऊपरी माल पर बारिश का दौर ऐसे ही बना रहा और त्रिवेणी पर गेज और बढ़ता चला गया तो बीसलपुर बांध में पानी की भराव क्षमता 315.50 मी को जल्द ही छू लेगा । जो राज्य और राज्य की जनता के लिए खुशखबरी साबित होगी। इसलिए की बीसलपुर बांध से जयपुर अजमेर टोंक ब्यावर नसीराबाद सहित कई जिलों और नगरों में पेय जल की आपूर्ति की जाती है। तो वही बीसलपुर बांध के जलाशय से हजारों एकड़ कृषि भूमि कि सिंचाई की जाती है।

रामजन्म के प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु जलदाय मंत्री ने व्यासपीठ से लिया आर्शिवाद

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा के महेश सेवा सदन में भारत विकास परिषद एवं श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे श्री रामकथा में मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम के जन्म प्रसंग पर श्रद्धालु झमे।

सोमवार को चल रहे कथा महोत्सव में व्यासपीठ से कथा प्रवचन करते हुए पं. शम्भू शरण जी लाटा ने बताया कि मर्यादा पुरूषोतम भगवान के श्री राम के आदर्श आज भी पुण्य देने वाले हैं। इसलिए सभी को भगवान के आदर्शो को अपना कर अपने जीवन का उद्धार करना चाहिए। कथा के दौरान मर्यादा पुरूषोतम भगवान के श्री राम के जन्म के प्रसंग पर मौजुद श्रोता व श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान मौजुद भक्तो भगवान राम के जन्म की जमकर खुशिया मनाई और भगवान के जयकारो से सम्पूर्ण कथा स्थल को गूंजायमान किया।

जलदाय मंत्री ने लिया आर्शिवाद :- सोमवार को श्री रामकथा महोत्सव के दौरान आए भगवान श्री राम के जन्म के प्रसंग के दौरान ही मालपुरा में अपना 56वां जन्म दिन मना रहे प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी अपने जन्म दिन पर आर्शिवाद प्राप्त करने के लिए कथा स्थल पर पहुंच कर व्यास पीठ से कथा कर रहे सुविख्यात कथा वाचक संत श्री शम्भू शरण जी लाटा से आर्शिवाद प्राप्त किया। इस दौरान आयोजको ने जलदाय मंत्री का दुपट्टा पहना व भगवान श्री राम का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

आसमान से पुष्प वर्षा और जमीन पर हुई जबरदस्त आतिशबाजी के बीच उमड़े जनसैलाब ने जलदाय मंत्री चोधरी का जोरदार तरीके से मनाया 56वां जन्मोत्सव

मालपुरा क्षैत्र का जनसेवक बन कर कार्य किया है और आगे भी करता रहुंगा : चौधरी

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं वर्तमान में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का 56वां जन्मोत्सव क्षेत्र की जनता ने जोरदार तरीके से मनाया। भारतीय हिन्द् कलेण्डर के अनुसार चौधरी का जन्म दिवस हर वर्ष जन्माष्टमी के दिन ही आता है। सोमवार को जन्माष्टमी के दिन चौधरी के 56वें जन्म दिवस को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह एवं उमंग था। इसी के चलते चौधरी जैसे ही जयपुर रोड स्थित पाण्डुक शिला में कार्यक्रम स्थल पहूंचने की जानकारी मिली उसी के साथ समूचा क्षेत्र मालपुरा का एक ही लाल कन्हैयालाल कन्हैयालाल व हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की जैसे नारो से इस मौके पर उमड़े भारी संख्या में जनसैलाब ने समूचे क्षेत्र को गूंजायमान कर पूरे वातावरण को कन्हैयालाल मय कर दिया। वहीं जैसे ही जलदाय मंत्री चौधरी का कार्यक्रम स्थल के नजदीक आमगन हुआ उसी के साथ आसमान से पुष्प वर्षा व पृथ्वी पर जमकर आतिशबाजी होने लगी। इधर चौधरी ने भी क्षेत्र की जनता के उत्साह को भांप कर हर किसी से मिलकर व गले लगाकर जन्म दिवस की बधाई स्वीकार कर उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन व रमाकान्त पाठक ने किया।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे : कार्यक्रम के मंच पर पहुंचने से पूर्व जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चोधरी ने अपनी धर्मपत्नी राधा चौधरी, पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित अन्य मौजुद कार्यकर्ताओं की मौजुदगी में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाकर अभियान शुरू किया।

पुलिस अधिकारियो की बधाई के साथ शुरू हुआ अभिनन्दन कार्यक्रम : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के 56वें जन्मोत्सव का अवसर अभिनन्दन कार्यक्रम के प्रारम्भ में मोजुद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुवार कस्वा, पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार व थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जलदाय मंत्री का अभिनन्दन कर बधाई दी। इसके पश्चात मालपुरा क्षैत्र की ग्राम पंचायत क्षैत्रो से आए अलग अलग ग्राम पंचायत वाईज व नगरपालिका क्षैत्र से आए आम जन ने वार्ड वाईज जलदाय मंत्री चौधरी का अभिनन्दन कर जन्मोंत्सव की बधाई दी। अंत में कार्यक्रम में मौजुद जनप्रतिनिधियो, प्रबुद्धजनो, स्वयंसेवी संस्थाओ सहित मौजुद आम जन ने चौधरी को जन्मोत्सव की बधाई देकर अभिनन्दन किया।

बादलों की तेज गड़गड़ाहट, आकाशीय बिजली व बरसात के बीच हुआ भगवान श्री कृष्ण का जन्म

कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव पर हुए कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। सोमवार को भगवान श्री कृष्ण ने बादलों की तेज गड़गड़ाहट व आकाशीय बिजली व बरसात के बीच जन्म लिया। श्री कृष्ण जन्माष्ठमी के आयोजन को लेकर शहर की इन्दिरा कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर, कृषि उपज मंडी में स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, चारभुजानाथ मंदिर, राधा दामोदर मंदिर, श्री राम-लक्ष्मण बडी का मंदिर, श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर, दर्जियों का मंदिर, सुनारों का मंदिर व नृसिंहजी के मंदिर सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों में जोर-शोर से कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्याम मंदिर को विशेष विद्युत लाईटों से सजाया गया तथा मुख्य सडक मार्ग पर विशाल स्वागत द्वार बनाए गए। मन्दिर प्रांगण को वृन्दावन के प्रेम मन्दिर की तरह सजाया गया है। इस दौरान भव्य लाइटिंग, सजीव झांकियां, वृन्दावन रास, आतिशबाजी, पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की गई। कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव पर रात्रि भजन संध्या सहित कई अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। रवि अग्रवाल ने बताया कि कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव को लेकर श्याम मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के लिए बेरीकेट लगाकर व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कलकत्ता से आए कलाकारों द्वारा बाबा का श्रृंगार किया गया। अर्द्ध रात्रि को भगवान के जन्म के बाद मंदिर परिसर के बाहर भव्य आतिशबाजी की गई। इसी प्रकार कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का पुष्पों से श्रृंगार कर अलौकिक झांकी सजाई गई। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकार राजू खण्डेलवाल सहित कई स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी। जन्माष्ठमी पर्व पर कृषि मंडी में कई सजीव झांकियां सजाई गई। झांकियों को देखने के लिए पूरा शहर उमड पडा।

रक्तांचल पर्वत हरित अभियान का हुआ शुभारंभ, पर्वत रोपे 101 पौधे

बढ़ता राजस्थान

निवाई/ गुंसी(नि.स.)। रक्तांचल पर्वत पर विशाल स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन एवं पर्यावरण चेतना प्रभारी पंडित रामफूल शर्मा ने बताया कि रक्तांचल पर्वत हरित अभियान का सोमवार को पौधे लगाकर विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान को लेकर पर्वत के शिखर पर स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बरगद, पीपल, रुद्राक्ष, अशोक व आंवला के पौधे लगाकर पंचवटी की स्थापना की। उन्होंने बताया कि अभियान में फाईटर डिफेंस एकेडमी के अनिलजाट नोहटा के नेतृत्व में अकादमी के सैंकडों छात्रों ने फल व छायादार सहित कई प्रकार के 101 पौधे लगाए। सभी छात्रों ने पहले पौधों के लिए गड्ढे तैयार किए। उसके बाद पौधारोपण कर उनमें पानी डाला।

वन एवं चेतना वन एवं पर्यावरण चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा ने बताया कि रक्तांचल पर्वत हरित अभियान का उद्देश्य पर्वत को हरा भरा करना है। इसके लिए शहर के सभी संगठनों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पर्वत का धार्मिक महत्व भी है। पर्वत के उत्तरी छोर से दक्षिण छोर तक कई देवी मां के मंदिर बने हुए हैं। प्रथम छोर पर जालंधर नाथ की गुफा तथा अंतिम छोर पर ज्वाला माता का प्राचीन मंदिर स्थित है। पौधारोपण के दौरान भंवर जायसवाल, रक्तांचल योग समिति अध्यक्ष महेश दरगड, विनोद तिवारी, मनोज पाटनी, ओमप्रकाश टेलर, आशु मंगल, दिनेश मंगल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, कॉलेज छात्र की मौत, पीछे बैठा दोस्त गंभीर घायल सआदत अस्पताल में चल रहा इलाज

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। टोंक जिले के दूनी थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार 1 युवक की मौत हो गई और दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। घायल का सआदत अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा रविवार रात को हुआ। मृतक कॉलेज छात्र था। दोनों युवकों के खेत पास-पास है। रविवार रात को दोनों बाइक से खेत पर रखवाली के लिए जा रहे थे। उस समय रास्ते में ये हादसा हो गई। टक्कर मारकर भाग गया कार ड्राइवर दूनी थाने के,स्ढ शंकर लाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के गुलाबपुरा निवासी कुलदीप (20) पुत्र गिर्राज मीना और उसका दोस्त रामपुरा निवासी राहुल चौधरी (19) पुत्र दशरथ चौधरी रविवार रात करीब 8 बजे बाइक पर सवार होकर आवां से खेत पर जा आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में करीब 2 किमी दूर पीछे से आ रही जीप ने टक्कर मार दी और ड्राइवर जीप के साथ फरार हो गया। कार की टक्कर से दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। लोगों ने परिजनों को दी सूचना इसके बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इन दोनों युवकों को पहचान लिया। करीब दो-तीन किमी दूर इनके परिजनों को सूचना दी। बाद में परिजन कार लेकर मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को टोंक सआदत अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने कुलदीप को मृत घोषित कर कर दिया। वहीं राहुल चौधरी को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

10 लाख की धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार:कोरोना में सर्जिकल मास्क के नाम पर धोखाधड़ी करने के बाद हो गया था फरार

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (नि.स.)। सवाई माधोपुर की मानटाउन थाना पुलिस ने सर्जिकल मास्क के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उपेन्द्र यादव पुत्र रनवीर सिंह निवासी धौर्रा हाल निवासी नगला रामबक्श पुलिस थाना एत्मादपुर जिला आगरा को रेवाड़ी, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है।थानाधिकारी जगदीश चंद ने बताया कि विष्णु गर्ग की फर्म एसएनजी एनजी लाइफ साइंसेज को कोरोनाकाल में सर्जिकल मास्क की आवश्कता थी। जिस पर,क्ष्क्ष्क्र फार्मा लिमिटेड नई दिल्ली के डिलिंग हेड अभियुक्त सीवी सिंह यादव उर्फ दीपक यादव से सम्पर्क कर रेट तय किया। जिसके बाद 50 हजार सर्जिकल मास्क का आर्डर दिया गया। जिसके लिए आरोपी ने उससे 10 लाख रूपए एडवांस मांगे। विष्णु गर्ग ने फर्म के खाता नम्बर पर आरटीजीएस से 10 लाख रूपए ट्रांसफर किए। आरोपी की फर्म अबेर फार्मा लिमिटेड ने एडवांस 10 लाख रूपए लेकर माल सप्लाई नहीं किया।

जन्माष्टमी पर हुए भजन कीर्तन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। उपखण्ड क्षैत्र मालपुरा के मन्दिरो में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भजन कीर्तन आयोजित हुए। सोमवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व होने के चलते सभी मन्दिरो में दोपहर के समय भजन कीर्तन हुए। इनमें महिलाऐं भगवान श्री कृष्ण की झांकी एवं राधा कृष्ण की सजीव झांकी के सामने नृत्य कर भगवान को रिझाया। साथ ही भजन कीर्तन के दौरान भगवान श्री कृष्ण जी व राधा जी के रूप में नोनिहालो की सजीव झाकियो ने आकर्षित किया। अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

गांव लुहारा के उत्तरी एवं दक्षिणी बांध हुए लबालब, ग्रामीणों में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

निवाई/ गुंसी(नि.स.)। गांव लुहारा के उत्तरी एवं दक्षिणी बांध के कैचमेंट एरिया में हुई बरसात के चलते दोनों बांध लबालब भर चुके है। दोनों बांधों के पूरा भर जाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। उत्तरी बांध की भराव क्षमता 6 फीट एवं दक्षिणी बांध की 5 फीट की भराव की क्षमता है। दोनों बांधों पर करीब 20 दिन से चादर चल रही है। ग्रामीण रामधन जाट, दयाराम चौधरी, हेमराज जाट, बनवारी गुर्जर, रायचंद जाट, संवारा जाट व रामलाल गुर्जर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष गांव के उत्तरी एवं दक्षिणी बांध लबालब भर गए है। भविष्य में दोनों बांधों से खरीफ की फसल की सिंचाई के लिए प्रयाप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि दक्षिणी बांध की एक नहर से छोड़े जाने वाले पानी से लुहारा एवं श्रीसुरतपुरा गांव की करीब 350 बीघा कृषि भूमि की सिंचाई की उम्मीद है। इसी प्रकार उत्तरी बांध की तीन नहरों से भी लुहारा गांव की करीब इतनी ही भूमि की सिंचाई हो सकेगी। उन्होंने बताया कि बांधों के भर जाने से गेहूं एवं सरसो की बंपर फसल पैदा होने का अनुमान है। इसके साथ ही इनके पूरा भर जाने से स्थानीय एवं आसपास के गांवों के कुओं का जलस्तर भी बढ़ रहा है।

लायंस क्लब कोटा सेंट्रल ने किया ऐतिहासिक और पौराणिक विरासतों का भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का भ्रमण कार्यक्रम के तहत जन्माष्टमी की पूर्व संध्या में पाटन स्थित भगवान केशोरायजी के प्राचीन मंदिर , राजराजेश्वर मंदिर, पांडवो की गुफाएं आदि स्थानों का भ्रमण किया गया। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एव सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया कि क्लब के 35 सदस्यो ने लायन राजकुमार रेखा कहालिया के सौजन्य से चंबल नदी के किनारे पाटन के प्राचीन केशोरायजी का मंदिर, मंदिर प्रांगण में पांडवो की गुफाएं और उनके पूजा स्थल, प्रसिद्ध राज राजेश्वर मंदिर में शिव अभिषेक, श्रीहरि गोशाला, चंबल नदी में रिमझिम फुहारों के बीच नौका विहार का आनंद लिया। एक दिवसीय यात्रा में हमारी समृद्ध विरासतों की पूर्ण जानकारी सबने ली। पीडीजी विशाल माहेश्वरी, जोन चेयरमैन के के राठी, रीजन चेयरमैन दिनेश खुवाल ने बताया कि इस तरह की ज्ञानवर्धक यात्राओं से सदस्यो में मेलमिलाप और प्रेम भाव बढ़ता है ।

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। जयपुर मुंबई रेलवे ट्रैक पर सोमवार को मुंबई सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि जयपुर मुंबई ट्रैक पर गांव नला के समीप रेलवे के पोल नंबर 61/18 के समीप एक अज्ञात महिला की मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया। थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

गोकुलम 2024 महोत्सव : दही हांडी एवं बाल गोपाल प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। समरस भारत सेवा संस्थान और नगर निगम ग्रेटर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी के अवसर पर गोकुलम 2024 महोत्सव एवं छठी दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल गोपाल प्रतियोगिता में बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में आए। बच्चों ने नृत्य नाटिका में कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। साथ ही गोपियों के प्रति उनके शाश्वत प्रेम को दर्शाया। इस अवसर पर बच्चों ने हांडी मेकिंग, कालिया नाग मर्दन, माखन चोरी लीला आदि की झांकियां सजाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, आरएसएस के प्रचारक निम्बाराम जी, सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, विधायक हेमंत मीणा, पूर्व विधायक रामचंद्र बोहरा, राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा और विधायक गोपाल शर्मा रहे। इस मौके पर अथितियों को माला पहनाकर और दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। मुंबई के तर्ज़ पर आयोजित गोकुलम 2024 दही हांड़ी कम्पीटीशन में 1500 लोगो की 90 टीम्स ने 3-3 की टोली में मिलकर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ह्यूमन पिरामिड्स पर पानी की बरसात कर खेल को धीमा करने का भी प्रयास किया गया पर टोलियों का उत्साह और मटकी फोड़ने के प्रति लगन देखते ही बन रही थी। इसमें जीतने वाली पहली टोली को 5100, दूसरी टोली को 3100 और तीसरी टोली को 2100 का इनाम भी दिया गया। गोकुलम 2024 एक ऐसा साहसिक कार्यक्रम है जिसमें प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर नन्हें बाल गोपाल एवं युवा अपने साहस का परिचय देते हुए एक पिरामिड की रचना करते हैं और ऊँचाई पर बंधी हुई दही हांडी को फोड़ने का प्रयास करते हैं। इससे बच्चों में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की ललक जागृत होती हैं। गोकुलम् का आयोजन प्रतियोगिता के स्वरूप में होता हैं।

इस मौके पर समरस भारत सेवा संस्थान के सचिव देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि, कृष्णा जन्माष्ठमी के दौरान गोकुलम को आयोजित करने के पीछे का मुख्य भाव है, लोगों को धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचय कराना और लोगों में एकता, सहयोग व भाईचारा उत्पन्न करना।

साथ ही यह मनोरंजन तो करता ही है और लोगो में खेल भावना के द्वारा तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं को भी दूर करता है जिससे उनके जीवन में जोश और उत्साह का संचार भी होता है। कृष्ण जन्माष्ठमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न आयु के 150 से अधिक बच्चो ने कृष्णा और राधा बनकर सबका मन मोह लिया। इस दौरान 6 बालिकाओं और लगभग 50 लड़को ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए मलखम्ब का प्रदर्शन भी किया। जन्माष्ठमी सेलिब्रेशन में 11000 से अधिक दर्शको ने हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। गौरतलब है की गोकुलम 2024 के लिए नगर निगम और एफएम तड़का वॉइस ऑफ़ इवेंट रहे है। आज समरस भारत सेवा संस्थान में 180 से अधिक वॉलिंटियर्स हैं और नगर निगम ग्रेटर जयपुर जैसे 60 से अधिक संस्थान इसके पार्टनर है।

जयपुर योगा लीग : 17 राज्यों के करीब 678 योग विद्यार्थियों को 8 लाख के पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में चल रही 8वी दो दिवसीय जयपुर योगा लीग के समापन दिवस के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश शर्मा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, विख्यात योगाचार्य ढाकाराम, जयपुर योग लीग के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा, सचिव डॉ. अभिनव जोशी, टेक्निकल डायरेक्टर योगाचार्य चन्द्रकान्त पंधारे एवं लीग के मुख्य सलाहकार एवं समन्वयक मोटिवेशनल स्पीकर योगी मनीष ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि एंटी करप्शन ब्यूरो के डीजीपी रवि प्रकाश मेहरा ने कहा कि जयपुर सहित 17 राज्यों के 678 प्रतिभागियों का उत्साह उमंग से लीग में सम्मिलित होना दर्शाता है कि पिछले 10 वर्षों से आयोजक टीम ने पारदर्शी एवं टेक्निकल प्रक्रिया अपनाते हुए अपनी विश्वसनीयता कायम की है, इसके लिए आयोजकों को बधाई। आयोजक टीम जयपुर योगा लीग ने अतिथि देवो भव की सनातन परंपरा के तहत कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि सुजोक के वरिष्ठ एवं विख्यात प्रशिक्षक अशोक कोठारी, रेज इंफ्रा के रजनीश जैन एवं रजनीश सिंह का हरियाले पौधे के साथ स्वागत किया।

योग के क्षेत्र में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का भारी रुझान

जयपुर योगा लीग के सचिव डॉ. अभिनव जोशी ने बताया कि सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को नियमानुसार बारीकी से जांचते हुए विजेताओं का चयन कर प्रोत्साहन के रूप में 8 लाख से अधिक राशि के पुरस्कार प्रदान किए गए है, योगाचार्य ढाकाराम ने योग के प्रति विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का भारी उत्साह देखते हुए कहा कि हम किसी को बदल नहीं सकते पर योग व्यक्ति को शारीरिक मानसिक एवं आत्मिक रुप से निखार देता है, चमका देता है। हॉलिस्टिक लाइफ कोच एवं काउंसलर योगी मनीष ने समारोह का संचालन करते हुवे कहा कि जयपुर योग लीग का लक्ष्य देश भर के विद्यार्थियों को खेल-खेल में प्रोत्साहित करते हुए योग के प्रति जागरूकता आत्म अनुशासित एवं आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें मानवता एवं राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करना है।

समापन पर योग लीग के अध्यक्ष गोल्ड मेडलिस्ट डॉ सुरेंद्र शर्मा ने सभी सहयोगी संस्थानो, योगाचार्यों, अभिभावकों एवं योग अभ्यर्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को सब के सहयोग से विराट स्तर पर आयोजित करेंगे।

जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर में 'गोविंदा आला रे'

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जिस नाम में दिव्य और विस्मृत करने वाला आकर्षण है और जो अनंत काल से जन के मानस पर छाया है। उस मोहक, चंचल 'कृष्ण' का आगमन हो चुका है और पूरी प्रकृति नंदलाल का स्वागत करने के लिए आतुर हो गई है। जगद्गुरु कृष्ण का अवतरण हो चुका है और पूरा गुप्त वृन्दावन जयपुर उन्ही की लीलाओं का गुणगान कर रहा है और उन्ही के प्रेम वात्सल्य में भाव विभोर हो रहा है। श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में भी जन्माष्टमी पर यशोदानंदन का भव्य अभिनंदन किया गया। जन्माष्टमी पर सुबह की मंगला आरती के साथ ही मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत हो गई जो मध्यरात्री को नंदलाला के महाभिषेक और महाआरती के साथ संपन्न हुआ। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन के बारे में विशेष जानकारी देते हुए बताया की श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में भगवान कृष्ण का स्वागत बहुत ही धूमधाम से किया गया। भगवान ने सुनहरी रेशम की पोशाक धारण की। उन्हें 108 प्रकार के राज भोग अर्पित किये गए इसके साथ ही हर अभिषेक के बाद मिष्ठान और माखन मिश्री का भोग लगाया गया। उन्हें चन्दन के तेल से पंचामृत स्नान करवाया गया। इसके साथ ही फलों, फूलों और औषधियों से उनका अभिषेक किया गया। उनके श्रृंगार के लिए दक्षिण भारत और बेंगलुरु से विशेष प्रकार के चमेली, जूही, कमल, मोगरा और गेंदा के फूल मंगाए गए। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण बलराम ने विशेष आभूषण धारण किये जो की महाराष्ट्र के कारीगरों ने तैयार किये थे।

मध्यरात्रि 12 बजे यशोदानंदन का अभिषेक हुआ। जिसमे पूरे जयपुर से लाखों श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा की यह पर्व श्री कृष्ण बलराम मंदिर में मनाया जाने वाला साल का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक उत्सव है। जिसे इस वर्ष भी बड़ी ही भव्यता के साथ मनाया गया। उन्होंने जन्माष्टमी की शुभकामनाओं के साथ जयपुर की जनता का हार्दिक धन्यवाद दिया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा के दौरान मंगलवार को रहेगी यातायात व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार शाम को शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। शोभायात्रा की सन्त, महन्त, अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा मुख्य स्थलों पर आरती उतारी जाती है। शोभायात्रा के दौरान जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।

शोभा यात्रा का मार्ग : शोभा यात्रा गोविन्द देव जी मन्दिर प्रांगण से रवाना होकर जलेबी चौक- बान्दरवाल गेट- बडी चौपड़- जौहरी बाजार- सांगानेरी गेट- बापू बाजार- न्यूगेट चौराहा- चौडा रास्ता- त्रिपोलिया गेट- छोटी चौपड- चांदपोल बाजार- बगरू वालो का रास्ते से होकर श्री गोपीनाथ जी के मन्दिर पहुँचेगी। शोभायात्रा के मार्ग पर मंगलवार शाम चार बजे से हवामहल बाजार, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौडा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, चांदपोल बाजार, बगरुवालों के रास्ते में सभी प्रकार के वाहनों की पार्किग निषेध रहेगी। मंगलवार शाम चार बजे से घाटगेट चौराहा, बडी चौपड, रामगढ मोड, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट, संजय सर्किल व गलतागेट से टैम्पो, मिनी/सिटी बसे व अन्य मध्यम श्रेणी के वाहनो का परकोटे में प्रवेश निषेध रहेगा। सांगानेरी गेट से बडी चौपड होकर जाने वाली मिनी/सिटी बसे घाट गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाईपास, धोबी घाट, रामगढ़ मोड़ होकर आमेर की तरफ जा सकेगी। संजय सर्किल से रामगंज व आमेर की तरफ जाने वाली मिनी बस, सिटी बस संसार चंद्र रोड, एम.आई रोड, घाट गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाई पास, धोबी घाट, रामगढ़ मोड होकर आमेर की तरफ जा सकेगी। शोभायात्रा के बांदरवाल गेट पर पहुंचने से पूर्व सुभाष चौक से बडी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को सुभाष चौक से चार दरवाजा की तरफ एवं बडी चौपड से सुभाष चौक की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ एवं त्रिपोलिया की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। शोभायात्रा के बडी चौपड़ पर पहुंचने से पूर्व रामगंज चौपड़, सांगानेरी गेट एवं त्रिपोलिया की तरफ से बडी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से संचालित किया जायेगा। बापू बाजार में प्रवेश से पूर्व न्यू गेट से बापू बाजार की तरफ ट्रैफिक नहीं जाने दिया जायेगा। इसी प्रकार शोभायात्रा का अगला हिस्सा न्यू-गेट पहुंचने से पूर्व रामनिवास बाग चौराहा से तथा नेहरू बाजार से व त्रिपोलिया टी पॉइंट से किसी भी प्रकार का ट्रैफिक चौड़ा रास्ता नहीं आ सकेगा। शोभायात्रा के त्रिपोलिया गेट पहुँचने से पूर्व बडी चौपड से त्रिपोलिया व छोटी चौपड़ से त्रिपोलिया टी-पॉइंट की तरफ किसी भी प्रकार का ट्रैफिक त्रिपोलिया बाजार में नहीं आ सकेगा। शोभायात्रा के छोटी चौपड पहुँचने से पूर्व अजमेरी गेट से छोटी चौपड़, चौगान चौराहे से छोटी चौपड़ एवं संजय सर्किल से छोटी चौपड़ की तरफ किसी भी प्रकार का ट्रैफिक नहीं आ सकेगा। शोभायात्रा के चांदपोल बाजार में पहुँचने पर बगरू वालों के रास्ते में सामान्य यातायात का संचालन निषेध रहेगा। आमजन से अपील है कि उक्त कार्यक्रम के दौरान समानांतर मार्गों का प्रयोग करें।

पुरानी जर्जर इमारत गिरने से एक व्यक्ति की मलबे में दबने से मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। कोतवाली थाना इलाके में स्थित चांदपोल बाजार एरिया में पुरानी इमारत तोप खाना में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि डेढ़ बजे एक पुरानी जर्जर इमारत गिर गई। इस हादसे में कमरे में सो रहा एक व्यक्ति मलबे में दब गया। सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस की टीम सहित पुलिस मौके पर पहुंच कर मलबा हटाने का काम शुरू किया। टीम ने तीस मिनट की मशक्कत के बाद मलबे में दबे व्यक्ति को बाहर निकाल कर एसएमएस लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी राजेश ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली की चांदपोल बाजार तोपखाना में बिल्डिंग गिर गई है और इसमें कुछ लोगों के दबने की जानकारी है। इस पुलिस ने यह जानकारी डिफेंस को साझा की । इस पर पुलिस और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंच कर मलबा हटाने का काम शुरू किया। जहां टीम ने करीब तीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबे मोहम्मद रहीस (51) को मलबे से बाहर निकाल कर 108 एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मद रहीस इस मकान में अपने चार भाइयों के साथ रहता था। बिल्डिंग का जो हिस्सा गिरा उस हिस्से में मोहम्मद इकबाल अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहता था। घटना से तीन दिन पहले ही उसकी पत्नी और बेटा अकोला (महाराष्ट्र) चले गए थे। मोहम्मद की पत्नी अकोला की हैं। पुलिस आकोला में मोहम्मद रहीस की पत्नी की जानकारी जुटा रहे हैं। इसके बाद उन्हें सूचना देकर जयपुर बुलाया जाएगा। मृतक की पत्नी और बेटे के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

थानाधिकारी और दलाल आठ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्रतापगढ़ टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ के थानाधिकारी एवं उसके दलाल को परिवादी से आठ लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की प्रतापगढ़ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसे एनडीपीएस के मामले में नहीं फंसाने की एवज में थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी अपने दलाल गुड्डू लाल उर्फ कान्तिलाल प्रजापत के माध्यम से आठ लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की प्रातपगढ़ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह परमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी और दलाल को आठ लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

दो ट्रेलरों में भिड़ंत : एक ट्रेलर में लगी आग में ड्राइवर-खलासी जिंदा जले

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। बगरू थाना इलाके में सोमवार की सुबह अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर अचानक दो ट्रेलरों में जबरदस्त भिड़ंत हो जाने से आग लग गई। जानकारी के अनुसार जहां एक ट्रेलर की केबिन में फंसे चालक और खलासी आग लगने से जिंदा जल गए और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। अचानक ट्रेलर में आग लगने की वजह से दोनों जिंदा जल गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकलों को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं घटना के बाद नेशनल हाईवे 48 दहमी खुर्द पर लंबा जाम लग गया। जहां दोनों ट्रेलरों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर ट्रैफिक सुचारू किया। एक्सीडेंट के बाद जिंदा जले लोगों को सुबह दस बजे तक केबिन से नहीं निकाला जा सका था। क्यों कि केबिन गर्म होने के कारण शव निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। थानाधिकारी हरिशचंद्र सोलंकी ने बताया कि सूचना मिली कि नेशनल हाईवे संख्या 48 के दहमी खुर्द पर दो ट्रेलरो में आपस में ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई। वहीं पीछे से आ रहा दूध से भरा टैंकर भी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की सहायता से ट्रेलर में लगी आग पर काबू पाया गया। वही ट्रेलर के चालक और खलासी केबिन में फंस गए। जहां आग लगने से दोनों जिंदा जल गए। वहीं हादसे के बाद एक और हाईवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। जहां क्रेनो की मदद से ईटो से भरे दोनों ट्रेलरों को सड़क से हटाकर ट्रैफिक सुचारू किया गया।फिलहाल ट्रक और खलासी दोनों के शवों को ट्रेलर से निकालकर बगरू के अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

जिनकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने ट्रक के नंबर के आधार पर मालिक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और साथ ही इसकी जानकारी आरटीओ को भेजी गई है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। सेवाकुंज आश्रम ठाकुर श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी मंदिर, जगतपुरा,जयपुर, प्रताप नगर महल रोड, श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बाबा श्री कृष्ण शरण(कल्याण दास) महाराज के द्वारा, ऐसी धारणा है कि, 5251 वर्ष पूर्व श्री कृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र और अष्टमी का सहयोग था वही , अबकी बार बन रहा है जिससे जयंती मनाने पर ज्यादा आशीर्वाद मिलेगा। सायंकॉल 8:00 बजे से रात्रि 12:00 तक वृंदावन के प्रसिद्ध रासलीला के निर्देशक वशिष्ठ के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिससे जनता भाव विभोर हो गई। भजन प्रस्तुती के बाद आरती की गई बाद पंजीरी प्रसादी वितरण हुआ। उसके बाद पंगत पत्तल प्रसादी की गई। जैसा संत विपिन बिहारी दास (विनोद) महाराज के द्वारा बताया गया ।

जेकेके में फोटोग्राफी महाकुंभ : इंटरनेशनल नज़र फोटो एग्जीबिशन में विराट पालीवाल रहे प्रथम विजेता

राजस्थान की सबसे बड़े फोटोग्राफी महाकुंभ में पहली बार 300 से अधिक फोटोग्राफर्स की 600 से अधिक तस्वीरें प्रदर्शित की

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित इंटरनेशनल नज़र फोटो एग्जीबिशन के तीसरे संस्करण का उत्साह के साथ हुआ समापन ढ्ढ एग्जीबिशन के तीसरे दिन विधायक बालमुकुंद आचार्य,हेरिटेज मेयर मुनेश गुजर,आदर्श नगर विधायक प्रत्याशी रवि नैयर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पत्नी सुनीता गहलोत, आईपीएस सचिन मित्तल,आईपीएस हेमंत शर्मा, झनेश्वर चौधरी,डॉ विवेक शर्मा,नितिन गोधा ने एग्जीबिशन में शिरकत की। एग्जीबिशन के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों में विजेता व उपविजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें विराट पालीवाल प्रथम , द्वितीय सुशील तृतीय अनन्या शर्मा रहीं फोटो जर्नलिस्ट कैटेगरी में प्रथम झारखंड से सुभोजित घोषाल, बीकानेर से दिनेश गुप्ता और जयपुर से दिनेश बागड़ा विजेता रहे। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार अग्रोनील मंडल,वरुण पांडे,लक्षित कुमावत, हनी जांगिड़,विक्रम सोनी,दुर्गेश नंदिनी,कीर्ति शर्मा,विवेक ककर को दिया गया। अतिथि राघव गोयल और अनूप श्रीवास्तव ने स्टूडेंट को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने सभी फोटोग्राफर का धन्यवाद किया। वहीं सत्येंद्र सिंह, सौम्या अग्रवाल, अदिति जैन, अपूर्वा चौधरी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया।

हैड कांस्टेबल बैरवा आत्महत्या प्रकरण : मृतक की पत्नी ने चेतावनी दी कि आरोपितो की गिरफ्तारी नहीं हुई तो करेगी आत्मदाह

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भांकरोटा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा के आत्महत्या प्रकरण में पिछले पांच दिनों से एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठी मृतक की पत्नी मीना देवी ने धरना स्थल पर ऐलान किया कि अगर आरोपितो की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वह धरना स्थल पर ही आत्मदाह करेगी।

मुख्यमंत्री शर्मा को इस मामले में संज्ञान लेकर परिजनों की मांगों को मानना चाहिए। वहीं सोमवार को धरना स्थल पर सांसद व आरएलपी के संयोजक हनुमान बेनीवाल भी पहुंचे। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि सरकार संवेदनहीन है। सरकार इस वर्ग का शोषण करना चाहती है। बीजेपी की राजस्थान और दिल्ली की सरकार एससी-एसटी वर्ग को दूसरे नजरिए से देखती है। उन्होंने कहा कि यह राजस्थान सरकार और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की असफलता है कि पुलिस का पुलिस पर से भरोसा उठ जाए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तुरंत इस मामले में संज्ञान लेकर परिजनों की मांगों को मानना चाहिए। गौरतलब है कि मृतक हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा ने 22 अगस्त को भांकरोटा थाने की चौकी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उन्होने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदीश व्यास, एसीपी अनिल शर्मा, निरीक्षक आशुतोष सिंह और स्थानीय पत्रकार कमल देगड़ा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। घटना के बाद परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव लेने से इनकार करते हुए मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए थे।

सेंट्रल पार्क से मोर्निंग वॉक कर घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला की बदमाशों ने चेन तोडी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अशोक नगर थाना में सेंट्रल पार्क से मोर्निंग वॉक कर घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला की बदमाशों ने चेन तोड़ ले गए। एकाएक हुई घटना से बुजुर्ग महिला घबरा गई। घटना के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई,लेकिन बाइक सवार बदमाशों को कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रतिराम ने बताया कि पुष्पा कुमारी (60) पत्नी किरणपाल सिंह निवासी रमेश मार्ग सी-स्कीम सुबह सेन्ट्रल पार्क से घूमने गई हुई थी। घर पर लौटने के दौरान युधिष्टर मार्ग पर पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके साथ चेन तोड़ने की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला बहुत घबरा गई और बाइक सवार बदमाशों का पीछा भी किया,लेकिन बाइक सवार तेज रफ्तार से बाइक लेकर फरार हो गए। इसके बाद पीडिता घर पहुंची और परिजनों को इस बारे में बताया। इस पर पीडिता को लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर रही है।

प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। नुन्दरी मालदेव पिपलाज माता मन्दिर प्रांगण में भाजपा सम्राट पृथ्वीराज चौहान मंडल द्वारा 1 सितम्बर 2024 से प्रारम्भ होने वाले राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्ष कानाराम गुर्जर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान हर 6 वर्ष में चलाया जाता है। इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किया गया है। ओबीसी मोर्चा प्रदेश संयोजक विक्रान्त सिंह रावत ने सदस्यता अभियान के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यकारिणी से लेकर बूथ कार्यकारिणी तक के सदस्यों को पुनः सदस्यता को पंजीयन करवाने के साथ पार्टी में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया जायेगा। कार्यशाला में सदस्यता अभियान के मण्डल संयोजक मुकेश जोधावत, सह संयोजक महेन्द्र सिंह, लीला रावत पटेल, महामंत्री रणजीत सिंह, उपाध्यक्ष राम सिंह चौहान, जीवन सिंह काठात, मंत्री कपिल बोयत, आईटी संयोजक भानुप्रताप सिंह, पृथ्वी सिंह, दिलीप सिंह, सोहन सिंह काठात, कैलाश सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भजन गीत प्रतियोगिता मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

झालरापाटन(नि.स.)। स्थानीय संस्कार विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल झालरापाटन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया । संस्था प्रधान अवनींद्र व्यास ने श्री कृष्ण के जीवन की घटनाओं पर टिप्पणी करते हुए उन्हें कर्मयोगी दूर दृष्टि और कूटनीतिज्ञ बताया। कार्यक्रम में भजन गाने की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें अध्यापकों एवं बच्चों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।

अब तक के रिकॉर्ड प्रदर्शन की संभावनाओं के साथ पेरिस पहुंचा भारतीय दल

नई भूमिका में पेरिस पहुंचे पैरा ओलम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा, 25 से अधिक पदक लेकर लौटेंगे

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश शर्मा)। पेरिस ओलम्पिक में भारत के अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद अब देश की निगाहें भारतीय पैरा ओलम्पिक दल पर है। 28 अगस्त से पेरिस में शुरू हो रहे पैरा ओलंपिक खेलों के लिए 84 पैरा एथलीट्स का दल पेरिस पहुंच गया है।

पैरा ओलम्पिक कमेटी के अध्यक्ष पद की नई जिम्मेदारी के साथ भारतीय एथलीट्स के साथ पेरिस पहुंचे पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने बताया कि भारतीय टीम इस बार अब तक का श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और करीब हम कम से कम 25 पदकों की जीत के साथ टॉप-20 देशों में शामिल होने के लक्ष्य के साथ वहां पहुंचे हैं। सभी खिलाड़ी पैरा ओलंपिक खेलों को लेकर बहुत उत्साहित हैं और हमें पूरी उम्मीद है कि हम 145 करोड़ भारतीयों की अपेक्षा पर खरे उतरेंगे। हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार हैं और हमें समस्त भारतीयों की शुभकामनाओं की दरकार है। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अब तक का बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। झाझड़िया ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों को भारत सरकार और पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से लगातार बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। 84 सदस्यीय दल में से 50 खिलाड़ी ऐसे हैं जो भारत सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा बहुत सारे प्लेयर खेलो इंडिया, नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से लाभान्वित है। कमेटी की ओर से खिलाड़ियों को हर ढंग से सपोर्ट किया गया है। खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक तन्दुरुस्ती के लिये समुचित इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त से 8 सितंबर तक चलने वाले पैरा ओलंपिक गेम्स के लिए पेरिस पहुंचे 84 खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ी राजस्थान से हैं। इनमें पैरा एथलीट सुंदर सिंह गुर्जर, संदीप चौधरी, अवनि लेकरा, मोना अग्रवाल, रुद्रांश खंडेलवाल, निहाल सिंह, बैडमिंटन प्लेयर कृष्णा नागर, अनिता चौधरी, धनुर्धर श्याम सुंदर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि चूरू के देवेंद्र झाझड़िया इस बार पैरा ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर पेरिस जा रहे हैं। इससे पूर्व वे एथेंस 2004, रियो 2016 तथा टोक्यो 2021 में भारत का प्रतिनिधित्व कर दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुके हैं। यह सफलता हासिल करने वाले वे भारत के पहले और एकमात्र खिलाड़ी हैं।

श्याम मंदिर कन्दोई बगीची में भजन संध्या उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (नि.स.)। शहर के कामना सिद्ध श्याम मंदिर कन्दोई बगीची मे आयोजित एक शाम लाज रखने वाले के नाम भजन संध्या का देर रात्रि को समापन हुवा। श्री श्याम परिवार मंडल की ओर से आयोजित दसवां वार्षिक उत्सव श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। बाबा श्याम का अयोध्या की थीम पर अलौकिक दरबार, अनुपम श्रंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, दरबार की अनुपम छवि के दर्शन सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। ज्योत प्रचण्ड श्री श्याम मंदिर अजीतसर के पुजारी महावीर प्रसाद ने की। भव्य भजन संध्या में हैदराबाद से गायिका प्रियंका गुप्ता ने गणेशा वंदना से भजनों का आगाज शुरू कर कभी-कभी ही ऐसा मौका श्याम कृपा से आता है चुन चुन करके निज प्रेमी को बाबा श्याम बुलाता है आदि की प्रस्तुति देकर बाबा श्याम को रिझाया। कोलकाता से आए गायक विवेक शर्मा (जीतू) ने म्हारो बाबो म्हाने मायड़ बाबुल की, कैया बैठ्या हो चुपचाप, कीर्तन कि है रात बाबा आज थाने आनो है, बाबा थारी हाजिरी भी जैसे अनेक भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति पर श्याम प्रेमियों ने झूम झूम कर आनंद लिया।

भव्य भजन संध्या में हजारों श्याम प्रेमियों के जमघट ने बाबा श्याम का दर्शन प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 627 वें दिन भी रहा जारी

सीमेंट प्लांट प्रशासन ने चौकी से चौलाई जाने वाले आम रास्ते को बिना पीडब्ल्यूडी विभाग की अनुमति के करीब 3.30 फीट गहराई तक खोद डाला

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कोटपूतली के ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को लगातार 627 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। सोमवार को सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा गेट नंबर 02 के सामने चौकी से चौलाई जाने वाले आम रास्ते को बिना पीडब्ल्यूडी विभाग की अनुमति के करीब 3.30 फीट गहराई तक खोद डाला। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई। इस सम्बंध में जोधपुरा संघर्ष समिति सदस्यों को सूचना मिलने पर अल्ट्राटेक प्रशासन से पूछा गया कि अगर आपके पास पीडब्ल्यूडी विभाग की अनुमति है तो आप कार्य कीजिये एवं अनुमति नहीं है तो आप अनुचित कर रहे हो। लेकिन शाम 04 बजे तक सीमेंट प्लांट प्रशासन ने कोई अनुमति नहीं दिखाई। जिसके बाद समिति सदस्य सरूण्ड पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने पहुंचे। थाने पर उपस्थित अधिकारियों ने मौका मुआयना करने के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही। लेकिन मौके पर अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी दिन भर कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि पूतली कट पर फ्लाई ओवर बनने से जाम लगा रहता है। जिससे चौकी गोरधनपुरा से बसें, ट्रक व छोटे वाहन अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के सामने से चौलाई तक आकर डाबला रोड़ पर पहुंचते हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट हमेशा छुट्टी का दिन होने पर सार्वजनिक सडक़ को खोद डालता है। जिससे आवागमन बाधित होता है। धरना स्थल पर समिति अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया, उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, हरभगत कम्पाउंडर, प्रभुदयाल वर्मा, मदन योगी, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव, मोहरसिंह योगी समेत महिलायें मौजूद रही।

महापुरूषों का जीवन दर्शन, शिक्षाएं और सिद्धांत प्रेरणा स्त्रोत : संयम ज्योति

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि हिन्दुस्तान में महापुरुषों को समय-2 पर शाब्दिक धरातल पर याद किया जाता है। उनका जीवन दर्शन, शिक्षाएं और सिद्धांत प्रेरणा स्त्रोत होते है। केवल महापुरुषो को औपचारिकता के लिए याद कर लेना, जुलूस निकालना, झांकियाँ निकालना, उनकी चर्चा करना कुछ भी अर्थ नहीं रखता। जब तक चर्चा को चर्या में न बदला जाये, जब तक उनके संदेशों को अमली जामा नही पहनाया जाएं। साध्वी ने कहा कि श्रीकृष्ण जागरुकता और कर्मठता के धनी थे। श्री कृष्ण आज भी जीवन्त है। जन-2 की आस्था के केन्द्र है। यद्यपि उनका जन्म उन विकटतम, जटिलतम और विषमतम परिस्थितियो में हुआ जब अन्याय, अनीति भ्रष्टाचार, कराचार और अत्याचार चरम सीमा पर था। उस समय श्री कृष्ण ने विभाव की जगह स्वभाव की, तोड़फोड़ की जगह संगठन और अराजकता की जगह व्यवस्था की बात की। श्री कृष्ण शांतिदूत बने, सारथी बने और तो और राजसूय यज्ञ में झूठी पत्तलें उठाई, संदेश दिया कि कोई कार्य छोटा-बड़ा नही होता। साध्वी ने कहा कि श्रीकृष्ण ने सुदामा के प्रति मित्रता की जैसी मिसाल कायम की वह अन्यन्त्र देखने को नही मिलती। उन्होंने सुदामा की मैत्री द्वारा संदेश दिया कि सच्चा मित्र वही होता है जो मित्र के दुःख दर्द में केवल काम ही नहीं आता अपितु मित्र को समय पर तन मन और धन का पूर्ण सहयोग देकर अपने जैसा बना देता है।

इनरव्हील क्लब ने जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गौशाला में भेंट किया 75000 का चैक

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। भगवान कृष्ण को गाय अति प्रिय थी उसी को देखते हुए इनरव्हील क्लब उदयपुर की ओर से जन्माष्टमी के पुनीत पावन पर्व पर गौशाला, गायों की देखभाल और चारा पानी के लिए 75000 का चैक भेंट किया गया।

इनरव्हील क्लब अध्यक्ष चंद्रकला कोठारी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमें गायों की सेवा करने का मौका मिला। क्लब ने अशोकनगर स्थित गौशाला में 75000 का चेक भेंट किया और गायों को चारा खिलाया। इनरव्हील क्लब सेक्रेटरी डॉ सीमा चंपावत ने कहा कि इनरव्हील क्लब द्वारा मुक प्राणियों की सेवा हेतु जो कार्य किए जाते हैं इसके अंतर्गत जन्माष्टमी के अवसर पर गौ सेवा की। गायों के बीच रहने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है आशीर्वाद मिलता है मन प्रसन्न होता है और पुण्य लाभ मिलता है। सीनियर सदस्य और दानदाता कमला जैन ने कहा की गौ सेवा से न सिर्फ हम अपने इस जन्म का सुधार करते हैं बल्कि अपने आने वाले कई भवों का भी उद्धार कर लिया करते हैं आत्मिक शांति मिलती है और गायों की जब बहुत अच्छे से देखभाल होती है तो यह मन को बहुत उल्लासित करता है।

इस मौके पर इनरव्हील क्लब सदस्य कमला जैन रेखा जैन रश्मि पगारिया कविता बड़जात्या निराली जैन बबिता जैन किरण कोचर कुसुम राठी शीला तलेसरा, मधु सरीन पुष्पा कोठारी निधि जैन निशा अग्रवाल सुंदरी छतवानी सुनीता कोठारी मधुसूद माया कुंभट पुष्पा सेठ रेखा भाणावत अंजू माहेश्वरी आशा कुणावत सुनैना जैन कांता जोधावत बेला जैन मीरा मजूमदार जैन साहब चंद्रकला कोठारी डॉ सीमा चंपावत आदि मौजूद रहे।

नवगठित जिले को लेकर गठित रिव्यू कमेटी के अध्यक्ष रहे ब्यावर जिले के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। राजस्थान सरकार की ओर से गठित रिव्यू कमेटी के प्रमुख पूर्व आइएएस अधिकारी ललित के पंवार ने नवगठित ब्यावर जिले को लेकर प्रशासनिक समीक्षा के लिए सोमवार को ब्यावर जिले का दौरा किया। इय दौरान सबसे पहले उन्होंने जिला कलक्टर उत्सव कौशल, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह के साथ जिला कलेक्ट्रेट, सरकारी कार्यालय, मिनी सचिवालय व अन्य कार्यालय खुलने के लिए स्थान आदि की उपलब्धता का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों,आमजन, राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियो आदि से मिलकर लोगों की भावनाओं को जाना और प्रत्येक व्यक्ति की तरफ से बताए गए बिंदुओं को केंद्रित किया। इसके बाद जिले के अंतिम छोर तक जाकर भौतिक सत्यापन किया। पूर्व आईएएस ललित के पंवार की अध्यक्षता में गठित यह कमेटी नए जिलों के पुर्नगठन के संबंध में मंत्रिमंडलीय उप समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि वे 30 अगस्त तक सभी जिलों के पुनर्गठन पर रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद सरकार अपना निर्णय लेगी। इस दौरान उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद थे।

रक्तदान एवम् रोगियों को भोजन करवा कर सरल सोसाइटी ने सेवा दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। संस्था की प्रेरणा पुंज (स्व)श्रीमती सरला सिंघवी की 19 वी पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवम् महाराणा भूपाल राजकीय हॉस्पिटल परिसर में मानव सेवा समिति द्वारा संचालित भोजनशाला में रोगियों को भोजन कराया गया, साथ ही सेवा समिति परिसर में विगत में स्थापित किंतु बंद पड़े आरओ व रेफ्रीजरेटर संयंत्र के रख रखाव का जिम्मा अपने हाथ में लेकर सरल सेवा सोसायटी द्वारा 'सेवा दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक मानद सचिव सीए (डॉ) श्याम एस सिंघवी ने बताया कि सरला सिंघवी की 19 वी पुण्य तिथि पर उनकी मूर्ति पर दीप प्रज्वलन एवम् माल्यापर्ण के पश्चात प्रति वर्ष की तरह सरल सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर में संस्था परिवार एवम् रक्तदाताओं द्वारा 41 यूनिट रक्तदान किया गया। इसमें विशेष सहयोग डॉ सुरेश डागी का रहा है। महाराणा भोपाल राजकीय हॉस्पिटल परिसर में सेवा समिति संचालित भोजनशाला में 200 से अधिक रोगियों के अटेंडर्स को समिति के अध्यक्ष व माईन्स विभाग से सेवा निवृत्त निदेशक प्रकाश वर्डिया एवम् सहयोगीयों के सानिध्य में भोजन करवाया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह विभिन्न सेवा संस्थाओं द्वारा जेल में स्थापित बंद दो और फ़तह राजकीय विद्यालय में एक त्व् भी तैयार करवाकर उनके रख रखाव का जिम्मा हमारी संस्था ने पूर्व में लिया है। संस्था के सह सचिव संयम सिंघवी ने बताया कि मानव सेवा समिति की बंद एम्बुलेंस को नये रूप में तैयार करवाकर नियमित संचालन हेतु समिति द्वारा प्राप्त प्रस्ताव पर संस्था विचार करेगी। ब्लड सेंटर के मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेश डागी ने बताया कि आज के सभी सेवा प्रकल्पों में ब्लड सेंटर के डॉ ओ पी महात्मा सहित पूरी टीम का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है।उन्होंने रक्तदान हेतु आव्हान करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता से ही हमारा समाज एवम राष्ट्र रक्त आवश्यकता पूर्ति हेतु स्वावलंबी बन सकेगा।

जन्माष्टमी पर हर घर में कान्हा की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। ब्यावर में जन्माष्टमी के त्यौहार को लेकर हर घर में कान्हा को तैयार करने में लगे हैं। इस अवसर पर एक किशोरी अनुष्का ने कान्हा को तैयार करने के लिए अपना सुबह से शाम तक का वक्त लगा दिया। अनुष्का ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर कान्हा को तैयार करने का जिम्मा स्वयं लेती है। उन्होंने बताया की कान्हा को तैयार करने के साथ-साथ जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है वह संतुष्टि कहीं नहीं मिलती। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर शहर में भी हर घर गली मोहल्ले में प्रभु श्री कृष्ण की प्रतिमा का श्रृंगार किया जा रहा है इसके अलावा झांकियां आदि भी लगाई जा रही है। शहर में झांकियां को देखने के लिए पुलिस ने भी पुख्ता प्रबंध कर रखे हैं।

नाम परिवर्तन

मैं रूपचंद बैरवा पुत्र श्री रामकिशन बैरवा जाती बैरवा निवासी भालपुर, तहसील सिकराय, जिला दौसा का रहने वाला हूं। यह कि मेरे पुत्र अंकित बैरवा के विद्यालय में प्रवेश दिलाते समय माता का नाम लक्ष्मी देवी दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पुत्र अंकित बैरवा के विद्यालय में माता का सही नाम आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के अनुसार लखनी देवी करवाना है जो की सही है।

खेरली के लाल ने देश में संगीत की दुनिया में बढ़ाया मान

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। भारत वर्ष की सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र की सबसे बड़ी संस्था जीतो नॉर्थ दिल्ली द्वारा रविवार को आगाज 3.0 बेस्ट जैन सिंगर की खोज प्रतियोगिता का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन टी सीरीज स्टेज वर्क संस्था के सहयोग से भारत मंडपम, प्रगति मैदान, दिल्ली में किया गया । जिसमे देश भर से 450 से अधिक कलाकारों ने रजिस्ट्रेशन करा भाग लिया । उपरोक्त प्रोग्राम के फाइनल में जज के रूप में भारत के ख्याति प्राप्त म्यूजिक कंपोजर व डायरेक्टर अनु मलिक, टी सीरीज की मालकिन गायिका तुलसी कुमार व उस्ताद संजय विद्यार्थी म्यूजिक डायरेक्टर सारेगामापा ने भूमिका निभाई । पल्लीवाल युवा संगीत कलाकार भाई अभिषेक जैन पुत्र शीतल चंद जैन निवासी खेरली,जिला अलवर ने प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर अप रहे,उन्हे शिल्ड के साथ ही ?51हजार की राशि नक़द पुरस्कार के रूप में हुई एवम आगे की तैयारी के लिए बंबई आकर वहा पर निःशुल्क आगे बड़ने का आफर मिला। अभिषेक जैन ने परिवार के साथ साथ पल्लीवाल जैन समाज का मान बढ़ाया है। अखिल भारतीय पल्लीवाल महासभा के महामंत्री महेश जैन ने सम्पूर्ण समाज की ओर से इस उपलब्धि पर अभिषेक जैन को बधाई प्रेषित की है। समाज के मुख्य सूत्रधार व प्रमुख समाजसेवी पवन जैन (चौधरी) ने कहा कि इस युवा कलाकार ने पूरे समाज के गौरव को बढ़ाया है। समाज की ओर से इस युवा के लिए अनेक शुभकामनाएं।

विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के साठ वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया षष्टि पूर्ति समारोह

हिन्दू एकता को लेकर साठ वर्ष के कार्यो पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के अग्रसेन विहार कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूल में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद स्थापना के साठ वर्ष पूरे होने पर षष्टि पूर्ति समारोह का आयोजन रविवार की शाम किया गया। जिसमे हिंदूवादी संगठनों से जुड़े तमाम पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष डॉ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम भारत माता एवं भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतेश्वर आश्रम के संत तुलसीदास महाराज एवं मुख्य वक्ता जयपुर प्रांत के प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल रहे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल द्वारा पिछले 60 वर्षों में हिंदू जागरण एवं सनातन संस्कृति की रक्षा एवं संरक्षण के लिए विहिप द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। विहिप के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में पधारे नगर के गणमान्य नागरिकों,समाजसेवियों एवं भामाशाहों का भगवा पटका पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मधुसूदन दुबे,अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग,प्रधानाचार्य विनोद शर्मा,सूबेदार जगदीश जगरिया,पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुरेश दीक्षित,कवि राकेश दीक्षित, वरिष्ठ प्रमुख टोटरी पंडित रमेश शर्मा ने सामाजिक एकता,अखंडता एवं समरसता पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में पूर्णता मंत्र एवं जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेवी पब्लिक विद्यालय संचालक दारा सिंह पचौरी,अमित यादव,विष्णु महेरे, शिवशंकर मंगल,माताप्रसाद राजौरिया,जिला मंदिर अर्चक एवं सम्पर्क प्रमुख बनवारी लाल शिवहरे, मुकेश कुशवाहा,धीरज सोनी,कैप्टन बनवारी सिंह परमार,गोपाल गूदरिया,व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गोयल,सुरेश भारद्वाज,वंदना शिवहरे,आरती शिवहरे,मुकेश विधौलिया,बच्चू सिंह यादव,वरिष्ठ कार्यकर्ता शरद चौहान समेत सैकड़ो सनातन धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

मेला आयोजन की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली मंदिर पदाधिकारियों की बैठक

डांग के बाबू पर 04 सितम्बर से लगेगा बाबू महाराज का लक्खी मेला

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड के डांग क्षेत्र स्थित कूदिन्ना बाबू थान पर सोमवार को एसडीएम राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में बाबू महाराज मंदिर थून कुदिन्ना पर आयोजित होने वाले बाबू महाराज के लक्खी मेले को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेला की समुचित व्यवस्था को लेकर एसडीएम मीणा ने मंदिर ट्रस्ट और समिति से पदाधिकारियो से जानकारी ली और सुधार हेतु निर्देश दिए।

एसडीएम राधेश्याम मीणा ने मेला कमेटी और बाबू महाराज मंदिर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी को अवगत कराया कि मेले में किसी भी प्रकार की गंदगी ना पहले इसको लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारी मेले से पूर्व दुकानों की जगह आवंटन से पूर्व सभी दुकानदारों को पॉलिथीन उपयोग नहीं करने के लिए पाबंद करे और सभी दुकानों के साथ मेले में जगह-जगह कूड़ा एकत्रित करने के लिए कचरा पात्र डस्टबिन रखे जाए।

तीन दिन चलेगा बाबू महाराज का लक्खी मेला : बाबू महाराज मेला कमेटी के अध्यक्ष भगवान सिंह गुर्जर ने बताया की बाबू महाराज का डांग में लगने वाला यह लक्खी मेला तीन दिन चलेगा।

4 सितंबर से शुरू होने वाले इस मेले में 5 सितंबर को सबसे अधिक भीड़ रहेगी। भाद्र मास शुक्ल पक्ष दूज को मेले में हजारों की संख्या में राजस्थान,उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,दिल्ली हरियाणा और मुंबई तक से श्रद्धालु पहुंचेंगे। जो बाबा के मंदिर में ढोक लगाकर बुरे का प्रसाद चढ़कर मनौती मांगेंगे। इस दौरान बाबू महाराज की गवाही एवं देवता का आगमन 5 सितंबर को रहेगा। इसलिए ज्यादा संख्या में भक्त इसी दिन आते हैं।

सोने का गुर्जा पुलिस की रहेगी मेले में निगरानी : बैठक के दौरान पार्किंग से लेकर दुकानदारों को समुचित एवं उपयुक्त स्थान पर दुकान लगाने को लेकर भी निर्देश दिए गए है। पार्किंग को लेकर स्थान का भी चयन सोने का गुर्जा थानाधिकारी भीम सिंह और ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान पुलिस के जाप्ते को लेकर भी एसएचओ भीम सिंह ने जानकारी दी।

बैठक में बाबू महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष भगवान सिंह गुर्जर,रविंद्र गिरी महाराज,लाल सिंह भगत,देवी सिंह भगत,सहायक कृषि अधिकारी राममुकुट गुर्जर, शीशराम गुर्जर,वीरेंद्र पटवारी, हरिसिंह, जगदीश सिंह, दुर्ग सिंह , रमेश सरपंच,शंकर लाल,सुल्तान सिंह एवं तमाम कुदिन्ना गांव के पंच पटेल मौजूद रहे।

सराहनीय प्रयास समाज को देगा नई दिशाए : डॉ.योगेन्द्र शर्मा

जन्माष्टमी पर हुए कृष्णा को अस्पताल में दिए उपहार सीएमएचओं ने नेक कमाई के प्रयासों को सराहा

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जन्माष्टमी पर्व पर रात 12 बजे बाद हुए सभी 21 कान्हा को नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से उपहार वितरित किए गए। नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के संयुकत तत्वावधान में गुलाब देवी बंसल ट्रस्ट के सहयोग से जनाना अस्पताल में रात 12 बजे बाद जन्मे बच्चों को उपहार दिए जिनमें कपड़े, मां की साड़ी, कंबल, खिलौने, फल, बांसुरी सहित कई सामान थे। इस मौके पर मुखय चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने सभी को इस मौके की बधाई देते हुए नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। शर्मा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नेक कमाई फाउंडेशन कई कार्य कर रही है जिनका सहयोग राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लिया जाएगा। कार्यक्रम में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, संरक्षक दौलत राम हजरती, कार्यक्रम समन्वयक डा. आशुतोष शर्मा, सुशील बंसल, परमजीत सिंह गोगिया, युवा समाजसेवी सौरभ कालरा, प्रवीन बत्रा,

गुरप्रीत सिंह पवित्र, दिव्यांशी कालरा, जितेन्द्र सेतिया तथा सोनिका अरोड़ा आदि थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कामर्स कॉलेज के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव ने की।

अलवर में होगा नवाचार : कार्यक्रम में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से शीघ्र ही जनाना अस्पताल में मरीजों के लिए सेवा भावी कार्यों की शुरूआत होगी जिसके लिए विभाग से कार्यों पर मंत्रणा की जा रही है।मुखय चिकित्सा ओर स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि अलवर जिले में जन सहयोग से चिकित्सा क्षेत्र में कई नवाचार होंगे।

बसेड़ी रोड पर कोल्ड के पास हुआ सड़क हादसा, झाँसी के भमरौली निवासी तीन महिलाओ सहित आधा दर्जन घायल, दो की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के बसेड़ी रोड पर रविवार की रात सड़क हादसा हुआ है। जिसमें एक मेटाडोर गाड़ी गोवंश को बचाने के चक्कर में तेज गति होने के चलते सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में झांसी के भमरोली निवासी आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सभी लोग बयाना के पास कांस बाबा के मेले में गए थे। जहां से बाबा के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को सूचना पर पहुची एम्बुलेंस से देर रात ही शहर के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल 12 वर्षीय बालक राजपाल के पिता राजेंद्रपाल ने बताया कि सभी लोग झांसी के पास भमरोली से बयाना कांस बाबा की जात करने आये थे। बाबा के दर्शन कर करीब 8 बजे मंदिर से वापस झांसी जा रहे थे। इस दौरान बाड़ी से करीब 3 किलोमीटर दूर बसेड़ी रोड़ पर कोल्ड के पास तेज गति मेटाडोर के सामने एक गोवंश आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में चालक ने मेटाडोर को जब मोड़ा तो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई।

हिंदुस्तान जिंक द्वारा उठोरी अभियान से 1 लाख से अधिक लोगों को महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर किया जागरूक

120 गांवों एवं 180 स्कूलों में महिलाएं और छात्राएं लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (नि.स.)। हिंदुस्तान जिंक द्वारा उठोरी अभियान के माध्यम से प्रदेश के 6 जिलों उदयपुर, सलुंबर, राजसमंद, चित्तौडगढ़, भीलवाड़ा और अजमेंर सहित उत्तराखण्ड के पंतनगर में महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर महिलाओं एवं छात्राओं सहित ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को जागरूक किया गया है। परिचालन के आस पास के 120 गांवों में 1 लाख से अधिक लोग इससे लाभान्वित हुए है। सखी परियोजना की महत्वपूर्ण पहल में से एक उठोरी अभियान ग्रामीण समुदायों में घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता एवं लैंगिक समावेशन को आगे बढ़ाने हेतु समर्पित है। उठोरी के तहत् 180 स्कूलों में 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों सहित 1 लाख से अधिक महिलाओं को मासिक धर्म

स्वास्थ्य, मिथकों को खत्म करने और पूर्व-किशोरों और किशोरों के बीच खुले संवाद को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर आवश्यक बातचीत को बढ़ावा दिया है।

सखी परियोजना महिला सशक्तिरण हेतु उनमें वित्तीय और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सखी संघों, ग्राम संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और लघू उद्यमों जैसे स्थायी बुनियादी स्तर के मंच प्रदान कर सशक्तिरण हेतु आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। नेतृत्व मंच के माध्यम से महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर, सखी ने परिधानों के लिए उपाया और खाद्य पदार्थों के लिए दाईची जैसे ब्रांडों के माध्यम से स्वामित्व और उद्यमशीलता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उठोरी अभियान की सफलता हिंदुस्तान जिंक की सखी पहल के बड़े प्रभाव का हिस्सा है।

संत नगर रोड पर निजी क्लिनिक पर बच्चे को दिखाने आये युवक की बाइक चोरी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। शहर के संतनगर रोड स्थित एक निजी क्लीनिक से शातिर बाइक चोर द्वारा डॉक्टर को दिखाने आए मरीज की बाइक को चोरी करने का मामला सामने आया है। शातिर चोर ने मरीज के अंदर जाते ही 20 सेकंड के अंदर बाइक को पार कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें सिर पर सुआपी लगाए चोर पैदल आता दिख रहा है जो बाइक को हाइवे की तरफ ले जा रहा है। घटना को लेकर पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोतवाली पुलिस चोर की तलाश में जुटी है।

बाड़ी उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कांसपुरा निवासी पीड़ित बंटी जाटव पुत्र रामजीलाल जाटव ने बताया कि वह सोमवार को दिन में बारह बजे के करीब अपने छह महीने के बच्चे को बीमार होने पर शहर के संत नगर रोड़ स्थित डॉक्टर मेदीराम मीणा के निजी क्लीनिक पर दिखाने आया था। जैसे ही वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाइक को गेट पर रख अंदर गया। चोर बाइक को चुरा ले गया। बाद में करीब 15 मिनट बाद जब वह अंदर गया तो उसे बाइक चोरी का पता लगा। घटना को लेकर पीड़ित बंटी जाटव ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमें टीवीएस अपाचे बाइक नंबर आरजे 11 एस एस 4459 के चोरी होने होने की जानकारी दी है साथ में घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं।

मानव जाति सेवा के लिए पद पर आया हूँ , ना खुद चैन से बैठूँगा ना ही टीम को बैठने दूँगा सेवा पथ पर सभी को सतत चलते रहना है : डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा

लायंस क्लब अलवर मत्स्य की 20 वीं नवकार्यकारिणी में लायन डॉ.मंजू अग्रवाल - अध्यक्ष , लायन सुधा अग्रवाल सचिव, लायन संध्या अग्रवाल कोषाध्यक्ष ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के रीजन 02 सांवरियाँ , जोन 3, के क्लब संख्या 95645 - लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नवकार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह रविवार को होटल अलवर रॉयल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन यामिनी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा , इंस्टालेशन ऑफिसर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं पीएमजेएफ लायन विनोद गोयल , स्टार ऑफ दा इवनिंग पास्ट मल्टीपल चेयरपर्सन एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ

लायन शकुन्तला गोयल, मुख्य वक्ता पास्ट मल्टीपल सेक्रेटरी , पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन अशोक ठाकुर , गेस्ट ऑफ ओनर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन मानक चन्द गुप्ता , गेस्ट ऑफ ओनर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन इंजी. सुभाष जोशी , गेस्ट ऑफ ओनर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शशि गोयल, गेस्ट ऑफ ओनर एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन ओ.पी. मंगल जी , अतिविशिष्ट अतिथि एवं रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि एवं रीजन 2 सांवरियाँ के जोन 3 के जोन चेयरपर्सन लायन दिलीप कुमार गोयल कार्यक्रम में पधारे। कार्यक्रम का प्रारम्भ गणेश जी की मूर्ति, चार्टर, मल्विन जोहन्स की तस्वीर को माला पहनाकर एवं दीप जलाकर किया गया तद्पश्चात अतिथियों को मंचासीन करके सभी को कुमकुम तिलक, दुपट्टा एवं श्रीफल द्वारा स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा ने अपने उद्बोधन में नयी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष की टीम को बहुत मेहनत करनी होगी क्योंकि मै मानवसेवा के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद पर आया हूँ , ना खुद चैन से बैठूँगा ना ही टीम को बैठने दूँगा सेवा पथ पर सभी को सतत चलते रहना है और हर संभव प्रयास करते हुए साल भर तक मानव सेवा करते रहेंगे । स्टार ऑफ दा इवनिंग पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शकुन्तला गोयल ने भी नयी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के अंतिम उद्बोधन में रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि टीम मुझसे जितना सहयोग और टाइम लेना चाहे मै सेवा पथ पर हमेशा तैयार हूँ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की तरह न रुकूँगा न रुकने दूंगा हमारा लक्ष्य साल भर मानवसेवा करना है । सभी पधारे हुए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देने के पश्चात कार्यक्रम संयोजक लायन यामिनी गुप्ता ने सभी को कार्यक्रम में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा रात्री सहभोज पर आमंत्रित किया। बेहतरीन मंच संचालन लायन मृदुल खण्डेलवाल एवं रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने किया ।नवनियुक्त अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने विधिवत कार्यक्रम स्थगित करने की घोषणा की।

विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं अंतर विभागीय समन्वय बैठक

विशेष अभियान चलाकर सड़कों से मवेशियों को हटाएं : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं अंतर विभागीय समन्वय के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलक्टर ने बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की एवं सभी विभागों से भूमि चिन्हिकरण एवं आवंटन संबंधी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अधिकारी को नियुक्त कर जमीन चिन्हित करने एवं आवंटन संबंधी कार्य करवाने का कार्य प्राथमिकता से करें। डॉ. गोस्वामी ने नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के आयुक्तों को निर्देश दिए कि तीन दिन तक विशेष अभियान चलाकर सड़कों से मवेशियों को हटाएं। उन्होंने सड़कों पर मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में नियम विरुद्ध व्यावसायिक गतिविधियां हो रही हैं, वहां भी कार्रवाई की जाए। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पीडबल्यूडी, नगर निगम एवं केडीए को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में जिन सड़कों को नुकसान पहुंचा है वहां के लिए निर्माण कार्य संबंधी टेंडर की प्रक्रिया जल्द की जाए ताकि बारिश के समाप्त होते ही मरम्मत कार्य कराए जा सकें। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि विभिन्न मार्गों पर जहां-जहां खतरनाक गड्ढे हैं उनकी सूची तैयार कर निगम, केडीए एवं पीडब्ल्यूडी को दी जाए।

नो बैग-डे पर दी जाए डेंगू से बचाव की जानकारी : जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शनिवार को नो बैग-डे के दिन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को डेंगू संबंधी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जल भराव को रोकने के उपायों एवं मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यालयों में दी जाए।

डॉ. गोस्वामी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सभी विभाग न्यूनतम समय में जनसुनवाई एवं संपर्क पोर्टल पर आने वाले प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक कर्मयोगी पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं एवं आवश्यक कोर्स करना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त सरिता, केडीए सचिव कुशल कोठारी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग गजेंद्र सिंह, जिला रसद अधिकारी पुष्पा हरवानी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (नि.स.) । विश्व हिंदू परिषद स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में आयोजित हो रहे षष्ठी पूर्ति समापन कार्यक्रम के क्रम में चित्तौड़गढ़ के केसर बाग में मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनोद चन्द्र यति जी महाराज व मुख्य अतिथि के रूप में डा. जगदीश चौधरी थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विहीप के विभाग पालक व प्रान्त विशेष सह संपर्क प्रमुख गणेश प्रजापत थे ।

विहीप के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए श्री गणेश प्रजापत ने कहा कि हिंदू समाज के पिछड़ने का सबसे बड़ा कारण है कि हमने हमारी संस्कृति को छोड़ दिया है । हमारे बच्चो को संस्कार देना छोड़ दिया है । जबकि वियतनाम जैसा छोटा सा देश जो महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर अपने यहाँ शासन चलाता है । उन्होंने अपील की हर हिंदू अपने बच्चो को धर्म की शिक्षा देवे मंदिरों से जोड़े। देश सेवा के लिए विहीप बजरंग दल से जोड़े तो आने वाली पीढ़ी संस्कारवान होगी जो धर्म और संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम भी होगी । अपने आशीर्वचन में पूज्य यति जी महाराज ने समाज से अपील की विविध संगठनों में बंटने की बजाए एक होकर समाज और संस्कृति को बचाने के लिए कार्य करना होगा । कार्यक्रम में डा. जगदीश चौधरी ने भी धर्म के प्रति अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन नगर मन्त्री अभिनन्दन काबरा ने किया। कार्यक्रम में प्रान्त प्रचार सह प्रमुख अनिल चतुर्वेदी ,विभाग मन्त्री मानवेंद्र सिंह , ज़िला अध्यक्ष मनोज सोनी ज़िला मन्त्री मदन त्रिपाठी बजरंग दल विभाग सयोजक योगेश दशोरा बजरंग दल ज़िला संयोजक मनोज साहू ,नगर उपाध्यक्ष अभिषेक मुंदड़ा रूद,विजय जागेटिया,नगर सत्संग प्रमुख सुमित हेड़ा सह सत्संग प्रमुख महावीर किर , ज़िला सुरक्षा प्रमुख गोपाल छिपा,समरसता प्रमुख ब्रजेश साहू , बजरंग दल नगर संयोजक मोहित अरोड़ा, सहसंयोजक ललितसिंह, मोहित पटवा, ऋषभ जैन, प्रथम मालानी, हर्ष सोनी, विजय कुमावत, रुद्रप्रताप सिंह, सावन छिपा, हर्ष योगी दुर्गा वाहिनी ज़िला संयोजिका शिवानी साहू नगर संयोजिका दीपिका छिपा , सपना किर, पूर्वा साहू , सीमा सुखवाल ,लक्ष्मी उपाध्याय सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

संयुक्त संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाकपीठ में 123 संस्था प्रधानों ने भाग लिया, सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। ब्लॉक स्तरीय प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा की संयुक्त संस्था प्रधानों की सत्र 2023-24 की दो दिवसीय वाकपीठ का सांवरिया धाम मुंगाना के सभागार में पंचायत समिति कपासन प्रधान भेरूलाल चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया।

ब्लॉक वाकपीठ अध्यक्ष दिलीप कुमार उपाध्याय एवं सचिव जगदीशचंद्र प्रजापत ने बताया कि दो दिवसीय वाकपीठ में शैक्षिक एवं सहशैक्षिक विषयों पर विभिन्न शिक्षाविद् व विशेषज्ञ द्वारा बेहतर वार्ता दी गयी। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे पंचायत समिति कपासन प्रधान एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष भैरूलाल चौधरी ने नई शिक्षा नीति के आयाम के तहत विद्यार्थियों में सुसंस्कार व गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि उक्त समापन समारोह में सेवानिवृत होने वाले मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुंडावत,संस्था प्रधान राजेश जोशी,राजेंद्र भट्ट,रतनलाल शर्मा,दिलीप बारेगामा को मेवाड़ी पगड़ी,शॉल,उपरना,श्रीफल,श्री राम की तस्वीर,गीता सहित अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर अभिनंदन पत्र का वाचन चंद्रप्रकाश सिरोया द्वारा किया गया।समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चित्तौड़गढ़ प्रमोद कुमार दशोरा,संत अनुजदास महाराज,समग्र शिक्षा कार्यालय चित्तौड़गढ़ के सहायक परियोजना समन्वयक योगेश अड़निया,आरएनटी कॉलेज प्रबंधक वसीम खान,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कवि बंशीलाल लड्ढा,जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता सत्यप्रकाश व्यास,अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सांवरिया धाम के बटुकों द्वारा लघु नाटिका एवं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। वाकपीठ के उपाध्यक्ष सीपी सिरोया ने बताया कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के 123 संस्था प्रधान ने दो दिवसीय वाकपीठ में भाग लिया।इस वाकपीठ के सफल आयोजन में शिवनारायण शर्मा,अशोक कुमार वैष्णव,प्रहलाद गौड़,राजेंद्र चास्टा,कैलाश गौड़, पीरूलाल खटीक,योगेंद्र सोनी,संदीप ढाका आदि का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन मुकेशचंद त्रिपाठी ने किया।

सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित भाजपा नगर मंडल कपासन की बैठक में प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य का लक्ष्य दिया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। भाजपा नगर मंडल की और से सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में रविवार को विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने संबोधित करते हुवे कहाकि कार्यकर्ताओं को अपनी सदस्यता का निश्चित अवधि में नवीनीकरण कराना आवश्यक है। क्यूसाथ ही प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है।इस दौरान बैठक में ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया आदि पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किये।उक्त बैठक का संचालन सदस्यता अभियान संयोजक गजेन्द्र बाघमार ने तथा आभार मंडल महामंत्री सोहन खटीक ने व्यक्त किया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,नगर पालिका पार्षद सुनीता शर्मा,वंदना सोनी,जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव,अनुसूचित जाति मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,मुरली टेलर,बूथ अध्यक्ष आशीष नंदवाना,पार्षद अशोक विजयवर्गीय,अकिल शाह, गौरव दाधीच,मनीष बारेगामा,बूथ अध्यक्ष भगवती आचार्य,हरिशंकर चौटिया,मुकेश सिरोया, रामनिवास विजयवर्गीय, हंसमुख टेलर,नारायण खटीक, प्रहलाद पूर्बिया,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, एससी मोर्चा अध्यक्ष अरुण कोदली,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,दिनेश सोनी,सदस्यता अभियान सहसंयोजक चेतन शर्मा,अशोक शर्मा, जगदीश जाट,शिव हरिजन,मुरली टेलर,शिव लाहोटी, सत्यनारायण पलोड,आशीष सोनी,शंकर चंदेल,मयंक सोनी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एबीवीपी चितौड़ नगर ने अहीर समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (नि.स.) । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्तौड़ नगर इकाई द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित विशाल शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर मंत्री उमेश नाथ योगी ने बताया कि अहीर समाज द्वारा उनके आराध्य देव श्री कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव पर आयोजित शोभायात्रा का अभाविप चित्तौड़ नगर इकाई द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इस दौरान विभाग संगठन मंत्री सीताराम केसरी विभाग संयोजक कमल प्रजापत जिला संयोजक विपुल राणावत भाग विस्तारक सौरभ राठौड़ नगर सहमंत्री स्वीटी शर्मा सुंदर भांड गणपत मेघवाल देवेंद्र सिंह प्रकाश गाडरी सावन पटवा गोवर्धन योगी प्रकाश गाडरी धर्मेंद्र सुखवाल कन्हैया सुखवाल नरेश शर्मा अजय पारीक पवन गुर्जर शिवाय गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 में खेल सप्ताह का शुभारंभ बैडमिन्टन प्रतियोगिता से

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा (नि.स.)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष में 26 से 31 अगस्त 2024 खेल सप्ताह के आयोजन के क्रम में आज सोमवार को बैडमिन्टन प्रतियोगिता बालक/बालिका वर्ग में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा निवृत खेल अधिकारी अनिरूद्ध सिंह भाटी ने किया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बैडमिन्टन पैरा खिलाड़ी गिरिश शर्मा व शिक्षा विभाग के राजेश औझा उपस्थित रहें। अथितियों का स्वागत खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर ने किया और बताया की बैडमिन्टन प्रतियोगिता में 82 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। यह प्रतियोगिता 13, 15, 17 एवं 19 आयु वर्ग में आयोजित की गई। विजेता व उपविजेता रहें खिलाड़ियों को 29 अगस्त खेल दिवस के दिन पुरूस्कृत किया जायेगा। 27 अगस्त मंगलवार को रस्सा-कस्सी पुरूष एवं महिला वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसमे कोई भी आयु सीमा नहीं होगी। इच्छुक खिलाड़ी अपनी टीम बनाकर उसका पंजीयन कल सुबह 11 बजे तक इन्दिरा गांधी स्टेडियम मे जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय मे करा सकते है।

भाजपा ने अंता नगर पालिका के तीन वार्डो के उपचुनाव को लेकर प्रभारी किये नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी ने अंता नगर पालिका उपचुनाव को लेकर विधायक कंवरलाल मीना के निर्देश पर जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन की सहमति से वार्डों के प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किये।मंडल अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने बताया की वार्ड संख्या 15 से प्रभारी फरीद पठान व सह प्रभारी पार्षद इलियास अंसारी,वार्ड 17 से प्रभारी पार्षद हरि गुर्जर व सह प्रभारी रफीक भाई ,वार्ड 28 से प्रभारी पार्षद महेश पंवार,सह प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मकसूद भाई,व पार्षद इलियास अंसारी नियुक्त किये हैं आपको बता दे प्रभारी की जिम्मेदारी भाजपा ने नगर पालिका उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए एक अनुभवी नेताओ को प्रभारी नियुक्त किया है।

सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संस्थान, जिला कोटा का स्नेह मिलन कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ द्वितीय बटालियन, आरएसी, कोटा के परिसर में संपन्न हुआ जिसमें कोटा संभाग सहित बारां, बूंदी और झालावाड़ के जिलाध्यक्ष प्रेम चंद गुर्जर एव मुबारक खान भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्र सिंह आमेरा द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में संगठन के पदाधिकारियो का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष तेजराज सिंह ने संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियो से अवगत कराया। उन्होंने आश्वस्त किया कि सेवानिवृत्त कार्मिकों की न्यायोचित समस्याओं के निराकरण की दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता प्रदर्शित नहीं की जाएगी अपितु उनके निवारण हेतु युद्ध स्तर पर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। कम्यूटेशन की राशि की वसूली की लगभग 15 वर्ष की वर्तमान अवधि को मात्र 10 वर्ष 8 माह तक सीमित किए जाने के संबंध में शीघ्र ही संगठन सक्षम न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करेगा और पूर्व प्रस्तुत 21 सूत्रीय ज्ञापन के संबंध में राज्य सरकार से भी वार्ता कर उनका समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की आरजीएचएस योजना में सुविधाओ की वृद्धि पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में नेत्र दान हेतु संकल्पित करण शर्मा, पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा ग्रामीण ने संगठन के कार्य कलापों की सराहना करते हुए नियमानुकूल सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। समारोह में नंदलाल पवन, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने संगठन के संभागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि से प्रेरित होकर समाज के हित में देहदान की घोषणा की और फिल्मी गीत भी प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त सत्यनारायण जांगिड़, मोहम्मद हनीफ बजरंग लाल ने भी अपनी प्रस्तुतिया दी। कार्यक्रम में सलाहउद्दीन सिद्दीकी, नरेंद्र कासट, भंवर सिंह हाड़ा, गोविंद सिंह बारहठ, गोपाल लाल मीणा, जगदीश प्रसाद मीणा, प्रेम चंद गौड़, राम दयाल नागर, के. के. शर्मा, ललिता लोधा, तथा अतहर खान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के लिए आह्वान किया।

मथुराधीश मंदिर पर हुआ अलौकिक उत्सव, दिन भर लगा रहा भक्तों का तांता

अष्ट आयाम के दर्शन के लिए उमड़े भक्त, गूंजे जयकारे

प्रभु के जन्म पर बजे थाल और घंटे, जयकारों से गूंज उठा नंदग्राम

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पाटनपोल पर ठाकुर जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अलौकिक उत्सव हुआ। जो दिनभर चलता रहा। मंदिर पर प्रभु के अष्ट आयाम के दर्शन के लिए भक्तों का दिनभर तांता लगा रहा। जन्माष्टमी पर प्रातः 5 बजे से ही पंचामृत के दर्शन के लिए पंक्तियां लगना शुरू हो गईं थीं। यह सिलसिला दिनभर श्रृंगार तिलक, राजभोग, उत्थापन से लेकर रात्रि को जागरण के दर्शन तक चलता रहा। श्रीकृष्ण के जन्मदिन पर साक्षात पंचामृत स्नान कराया जाता है। जिसके दर्शन वर्ष में एक बार ही होते हैं। इस दौरान सर्वांग दर्शन भी हुए। जन्माष्टमी पर मंदिर को पुष्प और विद्युत रोशनी से सजाया गया है।

प्रभु के प्राकट्य पर गूंजे जयकारे : मथुराधीश प्रभु का प्रातः पंचामृत स्नान कराया गया। इसके बाद विशेष श्रृंगार किया गया। राजभोग के दर्शनों में ठाकुर जी की जन्म पत्रिका पढ़ी गई। संध्या के समय महाआरती की गई। अर्द्धरात्रि 12 बजे ठाकुर जी का प्राकट्य हुआ। अर्द्धरात्रि को जागरण और जन्म के दर्शन के लिए भक्त पाटनपोल की गलियों में उमड़ पड़े। इस दौरान मथुराधीश प्रभु के जयकारों से पूरा नंदग्राम गूंज उठा। जन्म के दर्शनों पर थाल, घंटा आदि गुंजायमान हो रहे थे। पंचामृत के बाद पूरी रात ठाकुर जी की सेवा चलती रही।

नंदोत्सव आज, चांदी की पालकी में विराजेंगे लाला

प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार गोस्वामी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 8 से 12.30 बजे तक ठाकुर जी चांदी के पलना में विराजेंगे। नंदोत्सव के दौरान बधाइयां गूंजेगी। मुखिया जी नन्दराय बनेंगे। सभी सेवक ग्वाल बाल बनेंगे। हल्दी मिला हुआ दूध, दही उछाला जाएगा। माता यशोदा समेत सभी ग्वाल बाल और नंदराय जी स्त्री भाव से लाला को पलना झुलाएंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर 1 बजे सेवा अनुकूल समय में मंगला, 2.30 बजे राजभोग तथा शाम को 6 बजे सेवानुकूल संध्या आरती के दर्शन होंगे।

अनगढ़ बावजी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय मेला, खेलकुद प्रतियोगिता, वाहन रैली व भजन संध्या आयोजन

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़(नि.स.) । संतो में ईश्वर का वास होता है, जिस स्थान पर संतो के चरण पड़ते है वह स्थान पवित्र हो जाता है। हम सभी का सौभाग्य है कि हमें संतो का आर्शीवाद मिल रहा है। यह विचार विधायक चंद्रभानसिह आक्या ने सोमवार को अनगढ़ बावजी स्थान पर श्री श्री 1008 अमरा भगत जी के 182 वें जन्मोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित दो दिवसीय मेला, खेलकुद प्रतियोगिता, वाहन रैली व भजन संध्या के आयोजन अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित गाडरी समाज के लोगो को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। विधायक आक्या ने कहां कि अनगढ़ बावजी गाडरी समाज का पवित्र स्थान है, समुचे भारतवर्ष से गाडरी समाज के लोग यहां वाहन रैली के रूप में आते है। ऐसे पवित्र स्थान पर किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए वे हमेशा तत्पर है। इससे पूर्व गांव के चारभुजाजी के मंदिर से अनगढ़ बावजी के स्थान तक निकाली गई शोभा यात्रा में विधायक आक्या सम्मिलित हुए तथा बाद में उन्होने कबड्डी, वॉलीबाल, रस्साकस्सी व अश्व प्रतियोगिताओ में खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक चेयरमेन बद्रीलाल जाट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी, आशीष गाडरी, गोपीलाल गाडरी चेनाखेड़ा सहित बड़ी संख्या में गाडरी समाज के पदाधिकारी व आमजन उपस्थित थे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

राजस्थान के पांच जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट

बांसवाड़ा में दादी-पोते के ऊपर गिरी दीवार, मासूम की मौत

भारी बारिश के बाद उदयपुर-बांसवाड़ा हाईवे बंद

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में बारिश का दौर जारी है। बांसवाड़ा में तेज बारिश के बाद बांसवाड़ा-उदयपुर स्टेट हाईवे बंद गया है। नदी का जलस्तर इतना बढ़ा कि पानी पुल के ऊपर से बहने लगा है।

26 अगस्त को भी 5 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट और 5 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। 21 जिलों में येलो अलर्ट है। साथ ही आज और कल (26 और 27 अगस्त) 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की स्पीड से हवा चल सकती है।

बिजली गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत

बांसवाड़ा में सोमवार को लोहारिया इलाके में सोमवार सुबह भारी बारिश के बीच दादी-पोते के ऊपर घर की दीवार गिर गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें फौरन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 4 साल के पोते को मृत घोषित कर दिया। दादी का इलाज चल रहा है। गंगापुर सिटी के कुनकटा कलां गांव में बिजली गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। उधर, जयपुर के चांदपोल बाजार, तोपखाना रास्ते में रविवार रात करीब ढाई बजे जर्जर मकान गिर गया। इसके मलबे में दबकर युवक की मौत हो गई। दूसरी ओर, गंगापुर सिटी जिले के टोडाभीम के बालघाट इलाके के गंभीर नदी में रविवार शाम करीब 6 बजे तीन युवक बह गए थे। तीनों ने बबूल के पेड़ को पकड़कर अपनी जान बचाई।

1 जून से 25 अगस्त तक 515.4 एमएम बरसात

राजस्थान में इस सीजन में अब तक 47 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में 1 जून से 25 अगस्त तक 515.4एमएम बरसात अब तक हो चुकी है, जबकि औसत बारिश इस दौरान 350.1 एमएम होती है।

दादी-पोते पर गिरी दीवार, 4 साल के पोते की मौत

बांसवाड़ा के लोहारिया क्षेत्र के सुंदनी गांव में सोमवार सुबह तेज बारिश के दौरान एक मकान की दीवार गिर गई। परिवार के सदस्य सोए हुए थे। दीवार की चपेट में 55 साल की कंकू देवी और 4 साल के पोता अश्विन आ गए। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार वाले हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने अश्विन को मृत घोषित कर दिया। कंकू देवी का इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना पर पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

300 साल पुराना बरगद का पेड़ गिरा, कई मकान क्षतिग्रस्त

लगातार बारिश से भीलवाड़ा के जहाजपुर शहर के गौल हथाई मारा साहब के नोहरे में आज सुबह साढ़े छः बजे तीन सौ साल पुराना बरगद का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से एडवोकेट दीपक सिंह पुत्र गोविंद सिंह चौहान, शरीफ मोहम्मद पुत्र मुंशी मोहम्मद, प्रताप सिंह पुत्र नारायण सिंह राजपूत, मदन लाल पुत्र खाना सिंह चौहान, एडवोकेट अनिल गौड़ राधेश्याम के मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई।

अजमेर में आनासागर झील ओवरफ्लो, एक गेट खोला

अजमेर में लगातार बारिश के कारण आनासागर झील ओवरफ्लो हो चुकी है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने सोमवार को झील का एक गेट 10 इंच तक खोला है। इसके बाद झील का पानी फव्वारा सर्किल से बजरंगगढ़ पर जाने वाले रास्ते पर आ गया। प्रशासन ने ट्रैफिक को डायवर्ट किया है। रोड पर कट्टे लगाकर पानी का बहाव दूसरी तरफ करने की कोशिश की जा रही है। कलेक्टर भारती दीक्षित ने कहा- फायसागर झील से आनासागर में भी लगातार पानी आ रहा है। फायसागर झील भी 9 इंच ऊपर चल रही है।

नागौर में लूणी नदी में फंसा ट्रैक्टर, युवक बहा

नागौर के रियांबड़ी थाना इलाके में लूणी नदी की रपट पर सोमवार को ट्रैक्टर निकालने की कोशिश में ड्राइवर का साथी बह गया। ग्रामीणों ने रेस्क्यू चलाकर युवक को बचा लिया। ट्रैक्टर में ड्राइवर के अलावा कोडिया गांव निवासी ग्रामीण मोहन सिंह भी था। लूणी नदी की रपट पार करते समय ज्यादा वजन के कारण ट्रैक्टर आगे नहीं बढ़ पाया और आगे के टायर ऊपर उठ गए। इस दौरान मोहन ने ट्रैक्टर के आगे बंपर पर चढ़ गया, तभी संतुलन बिगड़ने की वजह से नीचे गिर गया और लूणी नदी में बह गया।

गंगापुर सिटी के एनीकट में बहा युवक

गंगापुर सिटी के टोडाभीम स्थित भोपर लालपुरा एनीकट में सोमवार सुबह करीब 10 बजे कल्ला मीणा बह गया। बताया जाता है कि उसका पैर फिसल गया था, जिसकी वजह से वह गहरे पानी में चला गया। उसको बचाने के लिए उसका बड़ा भाई भी कूद गया, लेकिन कल्ला को बचाने में कामयाब नहीं हो सका। इसके बाद ग्रामीणों ने पहले कल्ला के भाई को रस्सी से खींचा। फिर कल्ला को नदी से निकाला गया।

मंदिर के गर्भगृह में त्रिवेणी नदी का पानी घुसा

भीलवाडा जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते मेनाल, बेड़च और बनास नदियों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। जिले के बीगोद कस्बे में त्रिवेणी महादेव मंदिर के गर्भगृह में भी दो से ढाई फीट तक पानी भर गया है। यहां स्थित घाट भी डूब गए हैं। गंगापुर सिटी में रविवार शाम पांच बजे से सोमवार सुबह 8 बजे तक सवा इंच बारिश दर्ज की गई।

जमशेदपुर में लापता एयरक्राफ्ट की लोकेशन पर पहुंची नेवी

बलून को पानी के अंदर डाला गया, हवा भरकर इसी के सहारे निकाला जाएगा बाहर

बढ़ता राजस्थान

जमशेदपुर/रांची (एजेंसी)। जमशेदपुर में 20 अगस्त को हादसे का शिकार हुए अलकेमिस्ट एविएशन के ट्रेनी विमान (सेसना-152 वीटी ताज) को नेवी ने ढूंढ लिया है। पानी में डूब चुके कोयलागढ़ में इसकी लोकेशन मिली है। भारतीय नौ सेना के जवान पानी में डूबे एयरक्राफ्ट तक पहुंच गए हैं। एयरक्राफ्ट को निकालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बैलून को एयरक्राफ्ट की लोकेशन पर डाला गया है। उसमें अभी हवा भरी जा रही है। इसके बाद रस्सी की मदद से विमान को बाहर लाया जाएगा। एयरक्राफ्ट हादसे में ट्रेनी पायलट और कैप्टन की मौत हो चुकी है। दोनों के शव 2 दिन बाद चांडिल डैम से मिले थे। जिस जगह पर कैप्टन के जूते मिले थे, वहां से करीब 600 मीटर की दूरी पर विमान मिला है। यह क्षेत्र पानी में डूब चुके कोयलागढ़ में है। 20 अगस्त को करीब 10:30 बजे जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से डिप्टी चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर 30 साल के जीतशत्रु आनंद और ट्रेनी पायलट शुभ्रोदीप दत्ता ने उड़ान भरी थी।

मर्डर के आरोपी एक्टर दर्शन जेल में सिगरेट पीते दिखे

7 अफसर सस्पेंड; कर्नाटक सीएम का दूसरी जेल में शिफ्ट करने का आदेश

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। फैन रेणुकास्वामी के मर्डर केस में बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में बंद कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा एक बार फिर से चर्चा में हैं। एक्टर की हाल ही में जेल से एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वे 3 लोगों के साथ चाय-सिगरेट पीते दिख रहे हैं। इस पर विवाद बढ़ने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने 26 एक्टर को तुरंत दूसरी जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया। डीजीपी मालिनी कृष्णमूर्ति से कहा कि वे जेल विजिट कर इस केस की पूरी रिपोर्ट सौंपें।

डीजीपी ने सस्पेंड किए 7 अधिकारी

डीजीपी ने जेल विजिट की और परप्पना अग्रहारा जेल के 7 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। इनमें जेलर शरण बसवा, प्रभु एस खंडेलवाल, असिस्टेंट जेलर एल एस थिप्पेस्वामी और श्रीकांत तलवार, हेड वॉर्डन वेंकप्पा कोडती और संपत कुमार कडपट्टी व वार्डन बसप्पा केली शामिल हैं।

होम मिनिस्टर बोले- रिपोर्ट मिलने के बाद होगी आगे की कार्रवाई-राज्य के गृह मंत्री जी.परमेश्वरा ने कहा, 'मैंने मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सस्पेंड किए गए सात अधिकारियों को इस मामले में दोषी पाया गया है। वरिष्ठ जेल अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाएगा और रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की बेटी को रेप की धमकी

ऐसा करने वाले को 10 करोड़ का इनाम; बंगाल बाल-अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस लिया

बढ़ता राजस्थान

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सांसद और पार्टी में नंबर-2 अभिषेक बनर्जी की 11 साल की बेटी को रेप की धमकी की बात सामने आई है। इसको लेकर पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने खुद नोटिस लिया है।

कोलकाता रेप-मर्डर केस के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया था। प्रोटेस्ट में आए एक शख्स ने अभिषेक बनर्जी की बेटी को रेप की धमकी दी। शख्स ने सार्वजनिक रूप से ये भी कहा कि इस काम को अंजाम देने वाले को 10 करोड़ का इनाम दिया जाएगा। 8 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी। घटना को लेकर पूरे देश में डॉक्टर विरोध कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को काम पर लौटने की अपील की थी।

आयोग बोला- हिसाब बराबर करने के लिए दुष्कर्म की बात कही जा रही, ये खतरनाक मैसेज

डब्ल्यूसीपीसीआर ने कहा कि जिस शख्स ने ये अभद्र टिप्पणी की है, उसका इरादा एक नाबालिग लड़की की गरिमा को ठेस पहुंचाना और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालना है। पुलिस को पोस्को, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और यूएन कन्वेंशन ऑन राइट्स ऑफ अ चाइल्ड के तहत कार्रवाई करनी चाहिए।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, आरोपी संजय ने जुर्म कबूला

पॉलीग्राफ टेस्ट में कहा- घटना से पहले शराब पी, रेडलाइट एरिया गया, गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी

बढ़ता राजस्थान

कोलकाता। कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर का मर्डर किया था। घटना को अंजाम देने से पहले वो रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय ने एक दिन पहले 25 अगस्त को पॉलीग्राफ टेस्ट में ये सारी बातें कही हैं। पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी। संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

3 घंटे पॉलीग्राफ टेस्ट, संजय ने कहीं 3 बातें...

1. सीबीआई और सेंट्रल फोरेंसिक टीम के मेंबर्स ने रविवार (25 अगस्त) को 3 घंटे संजय का पॉलिग्राफ टेस्ट किया। संजय ने कबूला कि उसी ने ट्रेनी डॉक्टर का रेप करने के बाद हत्या की थी।
2. संजय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान सीबीआई को बताया कि उसने 8 अगस्त को अपने एक दोस्त के साथ शराब पी थी।

राजस्थान और मध्यप्रदेश में बनेगा श्रीकृष्ण गमन पथ

मुख्यमंत्री शर्मा ने की घोषणा- भरतपुर, कोटा, झालावाड़ होते हुए धार्मिक सर्किट बनेगा

बढ़ता राजस्थान

डीग (भरतपुर)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण गमन पथ बनाने की घोषणा की है। भगवान कृष्ण की जन्म स्थली से लेकर उनके शिक्षा ग्रहण करने के स्थान को एक धार्मिक सर्किट के जरिए जोड़ा जाएगा। यह काम राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर करेगी। भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान कृष्ण के गमन पथ को जल्दी ही तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। मध्यप्रदेश के उज्जैन के सांदीपनि में भगवान कृष्ण ने शिक्षा हासिल की है। जानापाव (एमपी) में भगवान परशुराम ने उन्हें सुदर्शन चक्र दिया। धार के पास अमझेरा में भगवान का रुक्मिणी हरण को लेकर युद्ध हुआ। ऐसे स्थलों को सरकार पर्यटन स्थल बनाने जा रही है। माना जा रहा है कि श्रीकृष्ण गमन पथ में राजस्थान के भरतपुर जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी पत्नी गीता शर्मा सोमवार को डीग जिले के पूंछरी का लौठा पहुंचे थे। यहां उन्होंने श्रीनाथजी के मंदिर और मुकुट मुखारबिंद की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री आज उज्जैन दौरे पर भी जाने वाले हैं।

सीएम ने कहा- स्थान चिह्नित कर लिए हैं

सीएम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण मथुरा से भरतपुर, कोटा, झालावाड़ के रास्ते छोटे-छोटे गांवों से होते हुए उज्जैन पहुंचे थे। हमने उनकी राह में पड़ने स्थानों को चिह्नित कर लिया है। उन सभी धार्मिक स्थानों को एमपी और राजस्थान सरकार जोड़ेगी। सीएम ने कहा कि आज मैं शाम को उज्जैन में स्थित सांदीपनि के आश्रम में जाकर प्रणाम करूंगा।

राजस्थान में श्रीकृष्ण से जुड़े बड़े तीर्थ

कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश से सटे राजस्थान (डीग) के एक गांव (वहज) में जमीन के नीचे पूरा गांव मिला था। खुदाई के दौरान कई हजारों साल पुराने हड्डियों के अवशेष, बर्तन, मूर्तियां मिली थीं। जहां ये गांव मिला, वो इलाका ब्रज यानी भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली से जुड़ा हुआ है। यह गोवर्धन से महज 11 किलोमीटर दूर है। मान्यता है कि खुदाई में मिली चीजों का संबंध भगवान श्रीकृष्ण के काल से है। भगवान कृष्ण स्वयं गाय चराने के दौरान वहज क्षेत्र तक विचरण करने आते थे। वहज गांव में स्थित टीला 5500 साल से भी पुराना है। वहज गांव 84 कोस परिक्रमा में भी आता है। गांव में यह मान्यता है कि जब भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाया था, उस दौरान ग्वालों के साथ वहज गांव के लोग भी थे। जो बारिश से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत के नीचे छिपे थे।

तमिलनाडु जा रहे किसानों को एयरपोर्ट पर रोका

कृपाण के साथ प्लेन में नहीं चढ़ने दिया; किसान बोले- आंदोलन के विस्तार से डरी सरकार

बढ़ता राजस्थान

अमृतसर (एजेंसी)। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली व पुडुचेरी में आयोजित किसान महापंचयतों में जा रहे पंजाब के किसानों को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोक दिया गया। किसानों को कृपाण के साथ प्लेन में बैठने की इजाजत नहीं दी गई। किसानों का आरोप है कि कृपाण को सिर्फ बहाना बनाया गया है, जबकि उत्तर भारत में किसान आंदोलन के विस्तार से सरकार डर गई है।

दरअसल, एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) द्वारा तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली एवं पुडुचेरी में आयोजित महापंचायतों में शामिल होने के लिए आज किसान रवाना हो रहे थे। इनमें किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, बलदेव सिंह सिरसा और सुखदेव सिंह भोजराज को दिल्ली हवाई अड्डे पर जहाज में बैठने से रोक दिया गया।

एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मियों द्वारा कृपाण को मुद्दा बनाया गया। जबकि आज से पहले अनेकों बार किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल एवं बलदेव सिंह सिरसा ने कृपाण के साथ हवाई यात्राएं की हैं। किसान नेता सुखदेव सिंह भोजराज के पास कृपाण नहीं थी, लेकिन फिर भी उनको हवाई जहाज में नहीं चढ़ने दिया गया।

आगरा में सीएम योगी बोले- बंटेंगे तो कटेंगे

कहा- बांग्लादेश वाली गलतियां यहां ना हों, अखिलेश का पलटवार- क्या डबल इंजन कहीं दुबककर जा बैठा

बढ़ता राजस्थान

आगरा। राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए...बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे।

यूपी के ष्टरूयोगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगरा में यह बात कही। वे यहां पुरानी मंडी चौराहे पर राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि 10 साल से यह प्रतिमा मेरा इंतजार कर रही थी। मेरे ऊपर उनकी कृपा हो गई। मुझे यहां आने का अवसर भी तब मिला, जब कृष्ण का जन्म हो रहा है। योगी ने राधे-राधे कहकर जनसभा में मौजूद लोगों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- जिम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं। अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं। अगर उनके दल के हैं, तो और भी ज्यादा गलत हैं। भाजपा राज में बने भय के इस वातावरण में क्या डबल इंजन कहीं दुबक कर जा बैठा है।

पूजनीय हैं राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर

योगी ने कहा- बहुत सारे लोगों ने मुगलों और अंग्रेजों के सामने समर्पण कर दिया था, लेकिन आज हम राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी का नाम ले रहे हैं। एक बार राजस्थान जाइए, देखिए उनकी पूजा होती है। जोधपुर में श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है। मैं इसी श्रद्धा के भाव को मजबूत करने के लिए आया हूं।

मौत से देश का कल्याण हो

सीएम ने कहा- रामप्रसाद बिस्मिल को जब फांसी दी जा रही थी, तब उनसे पूछा गया कि अंतिम अभिलाषा हो तो बताइए। तब बिस्मिल जी ने कहा- इस भारत वर्ष में सौ बार मेरा जन्म हो और मौत का कारण सदा ही देश उपकार कर्म हो। बार-बार इस हिंदुस्तान की धरती पर जन्म लूं।

औरंगजेब दुष्ट था, चालबाज था

योगी ने कहा- हम इतिहास जानते हैं। कुछ तो औरंगजेब का इस आगरा से संबंध था। इसी आगरा में हिंदवी पद बादशाही के महानायक छत्रपति शिवाजी ने औरंगजेब की सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि तुम चूहे की तरह तड़पते रह जाओगे। हिंदुस्तान पर तुझे कब्जा नहीं करने देंगे। राजस्थान में महाराजा जशवंत सिंह इस मोर्चे को संभाल रहे थे। महाराजा के महत्वपूर्ण सेनापति राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर थे। औरंगजेब ने कई बार कोशिश की, लेकिन कब्जा नहीं कर पाया क्योंकि जहां राष्ट्रवादी राठौर जैसे वीर हों, वहां कैसे कोई विदेशी आक्रांता कब्जा कर सकता है।

हरियाणा में जाट चेहरों के टिकट काटेगी कांग्रेस

जमानत जब्त, 2 बार हारे नेता बाहर होंगे; ब्राह्मण-पंजाबी समेत 4 जातियों का कोटा बढ़ेगा

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में टिकटों पर मंथन के बीच विधानसभा सीटों का गुणा-गणित तैयार कर लिया है। इस बार कांग्रेस बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए गैर जाट वोट बैंक पर ज्यादा फोकस करेगी। यही वजह है कि कांग्रेस इस बार टिकट आवंटन में जाट कोटे के चेहरों की टिकट भी काटेगी। इसके अलावा 2019 के विधानसभा चुनाव में जमानत नहीं बचा पाने वाले उम्मीदवार भी पैनल से बाहर किए जाएंगे। साथ ही ब्राह्मण, पंजाबी, वैश्य और राजपूत के टिकट कोटे में इजाफा करेगी। कांग्रेस ने 2019 के विधानसभा चुनाव में 27 हलकों में अपनी जमानत जब्त करवाई थी। इसके अलावा 15 प्रत्याशी ऐसे भी रहे हैं, जिन्होंने लगातार 2 हार अपने खाते में दर्ज करवा ली हैं। इनमें कई के नाम ये दोनों ही रिकॉर्ड दर्ज हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)